mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-257 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
16 सितंबर 2024 सोमवार

# दैनिक मीडियाऑडिटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



चोपड़ा डायमंड लीग...

@ पेज 7

## हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसकी चर्चा होना जरूरी

- आरएसएस प्रमुख बोले-समाज में समरसता होनी चाहिए, हर वर्ग को साथ लेकर चलना चाहिए



**अलवर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं सेवकों को परिवार और समाज से जुड़े 5 सूत्र बताए। उन्होंने कहा- हम कहां पिछड़ रहे हैं, इसके बारे में चर्चा करने की जरूरत है। गरीब के साथ जुड़ाव रखें, उनको घर पर लेकर आएं और उनके घर पर भी जाएं। संघ प्रमुख मोहन भागवत पांच दिन से अलवर प्रवास पर हैं। रविवार को वे सुबह 6.30 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंचे, यहां स्वयं सेवकों को संबोधित किया। स्वयं सेवक डॉ. राजकुमार गुर्जर ने भागवत के संबोधन को साझा किया। भागवत ने कहा- हम सभी को परिवार के सदस्यों के बीच बैठकर बातचीत करनी चाहिए।

## कोलकाता केस में संदीप घोष, एसएचओ गिरफ्तार

### सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप



कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता रेप-मर्डर केस मामले में शनिवार को सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और एक थाने के एसएचओ अभिजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। अभिजीत मंडल ताला पुलिस स्टेशन में स्टेशन हाउस ऑफीसर (एसएचओ) के पद पर तैनात हैं। शनिवार देर रात उसे मेडिकल टेस्ट के लिए बीआर सिंह अस्पताल लाया गया। इसके बाद सीबीआई उसे कोलकाता के स्पेशल क्राइम ब्रांच ले गई। संदीप घोष और अभिजीत मंडल की गिरफ्तारी के बाद स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रर्दशन कर रहे डॉक्टरों ने खुशी मनाई। डॉक्टरों ने तालियां बजाकर और नारे लगाकर सीबीआई के इस कदम की सराहना की।

## मस्क का स्पेस मिशन कामयाब चार एस्ट्रोनॉट धरती पर लौटे

- ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की पानी में लैंडिंग; वापसी में 27000 किमी प्रति घंटे की स्पीड

### 1900 डिग्री था तापमान

फ्लोरिडा (एजेंसी)। स्पेसएक्स का पोलारिस डॉन क्रू 15 सितंबर को पृथ्वी पर वापस लौट गया। ड्रैगन स्पेसक्रॉफ्ट ने दोपहर 1.06 बजे फ्लोरिडा के ड्राई टोर्टुगास कोस्ट पर लैंडिंग की। पृथ्वी के



वायुमंडल में प्रवेश करते समय स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार 27,000 किमी प्रति घंटे थी। हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुई और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इलॉन मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट से पोलारिस डॉन मिशन को 10 सितंबर को लॉन्च किया गया।

## एलएसी पर नहीं है अब दुश्मन की खैर

### जोरावर की दहाड़ से थर्राएगा चीन, ऑटोमोटिव परीक्षण पूरा

जोधपुर (एजेंसी)। भारत ने चीनी सेनाओं के खिलाफ ऊंचाई वाले इलाकों में प्रभावी मुकाबला करने के लिए राजस्थान के जोधपुर में हल्के टैंक जोरावर का सफलतापूर्वक शुरुआती ऑटोमोटिव परीक्षण पूरा किया है। यह टैंक विशेष रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में तैनाती के लिए तैयार किया जा रहा है, जहां चीन ने हल्के टैंकों की तैनाती की है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस टैंक ने असाधारण प्रदर्शन किया और रेगिस्तानी इलाकों में निर्धारित किए गए टास्क को कुशलतापूर्वक पूरा किया।



डीआरडीओ और एलएंडटी डिफेंस ने मिलकर 25 टन वजन के हल्के टैंक को विकसित किया है, जिन्हें मुख्य रूप से त्वरित तैनाती के लिए तैयार किया गया है। पहले इस तरह के टैंकों को विकसित करने के लिए जर्मनी से बातचीत चल रही थी, लेकिन जर्मन कंपनी इंजन की आपूर्ति में समय पर प्रतिबद्ध नहीं हो सकी। इस देरी के कारण अमेरिकी कंपनियों से जुड़ने का निर्णय लिया गया और अमेरिकी कंपनी कमिंस के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। भारतीय सेना के अनुसार, लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए 350 से अधिक हल्के टैंकों की आवश्यकता है। इनमें से एलएंडटी-डीआरडीओ 59 टैंकों का निर्माण करेगी, जबकि बाकी टैंकों का उत्पादन अन्य भारतीय कंपनियों द्वारा बोली प्रक्रिया के बाद किया जाएगा। भारतीय लाइट टैंक की विकास योजना को प्रोजेक्ट जोरावर नाम दिया गया है। जिसके जरिए हालिया टैंक का निर्माण और परीक्षण किया गया। इसमें एआई इंटीग्रेटेड, ड्रोन युद्ध क्षमताएं और सक्रिय सुरक्षा प्रणाली जैसी आधुनिक विशेषताएं शामिल की गई हैं। ये हल्के टैंक उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों और द्वीप क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे और तेजी से तैनाती के लिए हवाई-परिवहन योग्य होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनिल विज ने हरियाणा सीएम की कुर्सी पर ठोका दावा

- बोले-मैं सीनियर हूं, बीजेपी ने नायब सैनी को चेहरा बनाया

#### इन्हीं की वजह से मंत्रिपद छोड़ा था

**अंबाला (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री और अंबाला कैंट से भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोक दिया है। रविवार को अनिल विज ने अंबाला कैंट में प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर विधायक और मंत्री रहते हुए खुद के द्वारा करवाए गए काम गिनवाए। इसके बाद विज ने कहा, सारे हरियाणा से लोग आ रहे हैं। मैं जहां-जहां गया, लोग कह रहे हैं कि आप सीनियर हो, सीएम क्यों नहीं बने। मैं उन लोगों



की मांग पर अपनी सीनियोरिटी के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है। विज ने आगे कहा- मैंने आज तक कोई पद नहीं मांगा, लेकिन आज दावा पेश कर रहा हूं। अगर पार्टी ने मुझे सीएम बना दिया तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा, तस्वीर बदल दूंगा। गौरतलब है कि इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया था। सैनी की ताजपोशी से अनिल विज नाराज हो गए थे। उनकी नाराजगी कई मीटिंग्स में खुलकर नजर भी आई।

### आरएएस-आरपीएस में पैसे लेकर दी गई नौकरियां

#### किरोड़ी लाल मीणा बोले-

- आरपीएससी के 3 पूर्व चेयरमैन के खिलाफ मैं सबूत दूंगा

जयपुर (एजेंसी)। बीजेपी के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा अपना इस्तीफा देने के कारण राजस्थान में चर्चा में है। इधर, पेपर लीक मामले में मोर्चा खोल चुके किरोड़ी लाल मीणा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने तीन पूर्व आरपीएससी अध्यक्षों पर भ्रष्टाचार को लेकर बड़ा गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके सबूत है, जो वह एसओजी



को जल्द सौपेंगे। उनका आरोप है कि इन लोगों ने आरएएस, आरपीएस और दूसरी कई नौकरियां में पैसे लेकर नौकरियां दी है। इसको लेकर किरोड़ी लाल मीणा ने एक डिजिटल मीडिया नेटवर्क को इंटरव्यू देकर इसका खुलासा किया। इस दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने वसुंधरा राजे के पीतल के लौंग के बयान को भी सही बताया और उनका समर्थन किया। ऐसे पांच आरपीएससी के मेंबर है। इनमें से तीन पूर्व अध्यक्षों के नाम तो मेरे पास है।

### जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस

## झारखंड के सबसे बड़े दुश्मन

### पीएम मोदी ने जमशेदपुर में फूंका चुनावी बिगुल, दी करोड़ों की सौगात

**रांची (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब 140 किलोमीटर की दूरी तय कर सड़क मार्ग से होकर रांची से जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के कारण हेलीकॉप्टर उड़ नहीं सकता था। इस कारण सड़क मार्ग से रांची से जमशेदपुर पहुंचे। रास्ते में बारिश के रूप में आशीर्वाद मिला। रास्ते भर में लोगों ने भींग कर स्वागत किया, लोगों का प्यार और आशीर्वाद जीवन की बड़ी पूंजी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में उत्पाद सिपाही भर्ती को लेकर दौड़ में शामिल कई अभ्यर्थियों की मौत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा- 'मैं वादा करता हूं... झारखंड में कुछ महीनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी तो



इन सारे मामलों की जांच करवाई जाएगी।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-'जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं।

### मोदी बोले-देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी है कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-'जेएमएम और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। यही समय है, हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। इस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है- कांग्रेस पार्टी। इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है- कांग्रेस का परिवार।'



पीएम मोदी ने कहा- 'भ्रष्टाचार की सारी धाराएं वहीं से निकलती हैं। ये जेएमएम वाले भी उसी स्कूल से ट्रेनिंग लेते हैं- कांग्रेस स्कूल ऑफ करप्शन। जेएमएम ने 5 साल में केवल एक ही काम किया है- झारखंड की लूट और चारों तरफ भ्रष्टाचार। जेएमएम सरकार ने जल, जंगल और जमीन... सबमें भ्रष्टाचार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा- 'आकांक्षी जिला योजना के जरिए झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता पहली बार किसने की, भाजपा की सरकार ने। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत किसने की, भाजपा की सरकार ने। आज भी भाजपा केंद्र में रहकर झारखंड के विकास के लिए पूरे

### कोई भी रुकावट झारखंड से अलग नहीं सकती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा -'बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हो, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है। पीएम ने कहा-'मैं आपके दर्शन किए बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग से ही आप सबके दर्शन करने पहुंच गया। क्रांति और बलिदानों की ये धरती, भगवान बिरसा मुंडा के तप, त्याग और आशीर्वाद की ये धरती... मैं झारखंड की इस महान धरती को प्रणाम करता हूं।' उन्होंने कहा -' आज करमा पूजा के उमंग के बीच यहां आने से पहले मुझे झारखंड को विकास की कई बड़ी सौगात देने का सौभाग्य भी मिला। मैं आप सबको करमा पर्व की बधाई देता हूं। आज झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के जरिए पक्के घर भी मिले हैं। इनमें से ज्यादातर घर मेरी माताओं-बहनों के नाम पर हैं।' आज आपका ये भाई करमा पर्व के अवसर पर अपनी बहनों को अपने पक्के घर का उपहार देकर धन्य हो गया है। प्रधानमंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस और अन्य योजनाओं की सौगात देने के बाद रांची एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। इससे पहले खराब मौसम की वजह से पीएम ने जमशेदपुर नहीं जाने की

## दो दिन बाद दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा देंगे केजरीवाल

- जेल से बाहर आने के बाद एएपी संयोजक ने किया बड़ा ऐलान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने पर आज पहली बार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि वो दो दिन सीएम की कुर्सी छोड़ देंगे। सीएम केजरीवाल के इस ऐलान पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह अरविंद केजरीवाल का पीआर स्टंट है। उन्हें समझ आ गया है कि दिल्ली की जनता के बीच उनकी छवि एक ईमानदार नेता की नहीं बल्कि एक भ्रष्ट नेता की है, आज आम आदमी पार्टी पूरे देश में एक भ्रष्ट पार्टी के रूप में जानी जाती है। उन्होंने आगे कहा कि अपने पीआर स्टंट के तहत वह अपनी छवि को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। साफ है कि वह सोनिया गांधी मॉडल लागू करना चाहते हैं, जहां उन्होंने मनमोहन सिंह को एक डमी प्रधानमंत्री बनाया और पर्दे के पीछे से सरकार चलाई। उन्हें आज समझ आ गया है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव हार रही है और दिल्ली की जनता उनके नाम पर वोट नहीं दे सकती।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति में फूट!

- जेपी नड्डा की सलाह भाजपा निभाए बड़े भाई की भूमिका

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महायुति के भीतर कलह की खबरें सामने आ रही हैं। इन्हीं अंदरूनी कलह और खामियों को दूर करने के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र भाजपा इकाई को सलाह दी है। साथ ही गठबंधन सहयोगियों की चिताओं का समाधान करने के लिए भी कहा है। ताकि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को एकजुट और मजबूत रखा जा सके। पार्टी के वरिष्ठ नेता के मुताबिक, जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र



भाजपा से यहां तक कहा कि उसे बड़े भाई की भूमिका निभानी चाहिए। नड्डा शनिवार को मुंबई पहुंचे थे। यहां उन्होंने लालबागचा राजा गणेश के दर्शन किए। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के वर्षा स्थित आवास और बाद में मालाबार हिल्स में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सागर स्थित आवास पर जाकर चल रहे 10वें गणपति उत्सव में पूजा-अर्चना की।

## 3 मंजिला मकान गिरा, परिवार के 10 लोगों की हो गई मौत

### मेरठ में 16 घंटे से रेस्क्यू जारी, स्निफर डॉग से तलाश

#### मृतकों में 6 बच्चे भी, एक पिलर पर टिकी थी बिल्डिंग

**मेरठ (एजेंसी)।** यूपी के मेरठ में शनिवार शाम हुए हादसे में अब तक 10 की मौत हो गई। मरने वालों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। 5 लोगों को रेस्क्यू कर हॉस्पिटल भेजा गया है। 16 घंटे से लगातार रेस्क्यू जारी है। अभी मलबे में किसी के दबे होने की जानकारी नहीं है, लेकिन एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ऑपरेशन में लगी है। टीम स्निफर डॉग्स की मदद से मलबे को हटाकर देख रही है कि कोई और तो नहीं दबा है। हादसा शनिवार शाम 5.15 बजे लोहिया नगर थाना क्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में हुआ था। 3 मंजिला घर ढह गया था। इसमें एक ही परिवार के 15 लोग दब गए थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि तीन मंजिला बिल्डिंग 50 साल पुरानी थी। सिंगल पिलर पर खड़ी थी। पिलर कमजोर होने की वजह से हादसा हुआ। आईजी डीके ठाकुर ने बताया- घर में 63 साल की नफीसा अपने 4 बेटों के परिवार के साथ रहती थीं। ग्राउंड फ्लोर पर डेयरी चलती थी, इसलिए कई भैंसें भी मलबे में दब गईं। बताया जा रहा है कि तीन मंजिला पूरी इमारत सिर्फ एक पिलर के सहारे थी। मकान 300 गज के प्लॉट में बनी थी। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा, घटना शनिवार शाम करीब 4.30 बजे की है।



## ईरान ने अंतरिक्ष में लॉन्च की मिसाइल, भड़का अमरीका

- 60 किग्रा की सैटेलाइट स्पेस में पहुंचाई, खुशी की लहर

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने देश के अर्धसैनिक बल 'रिवॉल्यूशनरी गार्ड' की ओर से बनाए गए रॉकेट से शनिवार को एक सैटेलाइट लॉन्च किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। पश्चिमी देशों को आशंका है कि इससे ईरान को अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। ईरान ने बताया कि रॉकेट के जरिए उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने वाला यह उसका दूसरा लॉन्च है।



वैज्ञानिकों ने बाद में प्रक्षेपण की पुष्टि की तथा बताया कि उपग्रह कक्षा में पहुंच गया है। ईरानी मीडिया की ओर से बाद में साझा किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मोबाइल लांचर की मदद से रॉकेट लॉन्च किया गया। एसोसिएटेड प्रेस ने बाद में जारी वीडियो और अन्य तस्वीरों का विश्लेषण करने के बाद बताया कि ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 350 किलोमीटर (215 मील) पूर्व में शाहरूद शहर के बाहरी इलाके से यह प्रक्षेपण किया।

## भोपाल के बिट्टन मार्केट में भागवत कथा का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भगवान की प्राप्ति करने एवं अपने सभी दुखों की मुक्ति के लिए हमें सबसे पहले अपने हृदय को शांत और निर्मल बनाना पड़ेगा काम, क्रोध, मद,लोभ जब हमारे अंत:करण से दूर हो जाएंगे तो हमें अपने आप असीम शांति एवं भगवान की कृपा प्राप्त हो जाएगी भोपाल के बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन प्राची देवी ने कहा कि भक्त प्रहलाद ने दैत्य हिरण्य कश्यप के घर जन्म लिया लेकिन अपने कर्मों से वह देव बन गए मनुष्य अपने बुरे कर्मों से दैत्य और अच्छे कर्मों से देव बनकर जीवन में शांति और भगवान को प्राप्त कर सकता है। श्री कृष्ण जन्म की कथा कहते हुए उन्होंने कहा कि कंस और शिशुपाल ने कृष्ण से शत्रु के संबंध बनाए लेकिन गोकुल वासियों ने उन्हें अपना संबंधी बनाया गोपियों ने कृष्ण को अपना प्रेमी मान कर पूजा, भक्त जिस भाव से भगवान को भजता है भगवान उसे उसी भाव से रीझ कर तार देता है मनुष्य को भी प्रयास करना चाहिए की वह भी अपने भगवान से किसी न किसी रूप में संबंध स्थापित करे तो सुखी जीवन को प्राप्त कर भव सागर से पार हो सकता है।

## एम.पी. ट्रांसको की वेबसाईट में पेंशनर्स के लिये डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट सुविधा प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने वित्तीय प्रक्रियाओं में वर्तमान पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिये ऑनलाईन सुविधाओं को आगे बढाते हुये अपनी अधिकृत वेबसाईट में कुछ नए फीचर्स डाले हैं। पेंशनर्स के लिये एम.पी. ट्रांसको में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) सेवा प्रारंभ की गई है। एम.पी. ट्रांसको के पेंशनर्स अब विश्व के किसी भी कोने से इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री चेतन जायसवाल ने बताया कि लाइफ सर्टिफिकेट के लिये पेंशनर्स या उनके आश्रितों को एम.पी. ट्रांसको के किसी भी कार्यालय में आने की अनिवार्यता को पहले ही शिथिल कर दिया गया था। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) सुविधा अब वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। वेबसाईट के माध्यम से पेंशनर्स अपना पेंशन स्टेटस भी देख सकते हैं। वेबसाईट में अब पेंशनर्स की वर्तमान लाईफ सर्टिफिकेट की वैद्यता भी उपलब्ध है। जिससे वे समय पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) की प्रक्रिया कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स के लिये एम.पी. ट्रांसको की वेबसाईट पर अलग से बने टैब से ऑनलाइन पेंशन स्लिप निकालने की व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। पेंशनर्स अपना आयकर फार्म-16 भी वेबसाईट से सीधे डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में यूनियन बैंक में एम.पी. ट्रांसको के सेवानिवृत्त कार्मिकों की पेंशन एवं फैमली पेंशन जमा होती है। फिलहाल एम.पी. ट्रांसको के 4285 पेंशनर्स के लिये यूनियन बैंक से यह सुविधा लिंक की गई है। भविष्य में इसे अन्य बैंको के साथ भी जोड़ा जायेगा।

## वन मंत्री रावत ने ग्राम बेहटा पहुँचकर ग्रामीणों के धरने को समाप्त कराया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन, पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने विजयपुर के ग्राम बेहटा में माँगों को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों के बीच पहुँचकर धरना समाप्त कराया। श्री रावत ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि आपकी माँगों को शीघ्र पूर्ण कर दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विजयपुर के ग्राम बेहटा के ग्रामीणजन रोड बनाने एवं नहर का मरम्मत कार्य कराने के लिये धरने पर बैठे थे।

## संस्कार विद्यालय में हिन्दी दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के संत नगर स्थित संस्कार विद्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी और कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सचिव बसंत चेलानी ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी के साथ-साथ राष्ट्रीय भाषा और अंतरराष्ट्रीय भाषा अंग्रेजी के महत्व को भी समझना चाहिए। उन्होंने बल देते हुए कहा कि दोनों भाषाओं का ज्ञान और उपयोग हमारे व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए महत्वपूर्ण है। संस्थान के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल अंग्रेजी का चलन अधिक हो गया है, लेकिन हमें अपनी राष्ट्रीय भाषा हिन्दी को भी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने बच्चों से अनुरोध किया कि वे अपनी दिनचर्या में हिन्दी का प्रयोग करें और इसे जीवित रखने के लिए सक्रिय प्रयास करें। कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने भी सभी को हिन्दी दिवस की बधाई दी और कहा कि आधुनिक जमाने में भी हमें अपनी राष्ट्रीय भाषा हिन्दी को न भूलना चाहिए।

# भोपाल में डोल ग्यारस पर निकले चल समारोह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी भोपाल में डोल ग्यारस शनिवार को श्रद्धा-भक्ति से मनाई गई। डोल ग्यारस का परंपरागत चल समारोह निकाला गया। इस मौके पर भोपाल के राजा के रूप में पीपल चौक पर विराजे गजानन ने नगर भ्रमण किया, उनकी विधि-विधान से पूजा करके भावपूर्ण विदाई दी गई। भगवान गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन शुरू किया गया। मुख्य चल समारोह पुराने शहर में पीपल चौक से दोपहर करीब एक बजे शुरू हुआ, जो लखेरापुरा, सोमवारा, चौकी इमामबाड़ा, जनकपुरी, छोटे भैया कार्नर, लोहा बाजार, सराफा चौक, चारबत्ती चौराहा कालीघाट मंदिर, पीएचक्यू होता खटलापुरा घाट पर संपन्न हुआ। बरखेड़ी श्रीराधा कृष्ण मंदिर से श्री राम बजरंग अखाड़ा शाक्य कोली समाज मंदिर से श्री कृष्ण अर्जुन अखाड़ा अपनी समाज के विमानों के साथ शामिल हुए। जहां आगे आगे श्री राम भक्त हनुमान अखाड़ा जेपी नगर आदि द्वारा बच्चों युवक युवतियों के द्वारा डंडों, लाठी, ढाल, तलवार चलकर आदि से हैरतअंगेज करतब करते हुए चल समारोह में शक्ति और साहस का परिचय दे रहे थे।

एक दर्जन से अधिक अखाड़ा कलाकारों ने तलवारबाजी जैसे अन्य करतब दिखाए, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। नादरा बस स्टैंड, घोड़ा नक्कास, चांदबड़, चौक बाजार सहित अन्य स्थानों से अहीर, यादव, साहू, कोली, कुर्मी, लोधी, मालवीय, प्रजापति आदि समाजों के डोल ग्यारस (विमान) निकले।



## विजयपुर क्षेत्र में 5 सड़कों का किया भूमि-पूजन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास के लिये सदैव तत्पर रहा हूँ। राज्य सरकार द्वारा विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। वन मंत्री श्री रावत ने श्योपुर जिले के विजयपुर क्षेत्र में 5 सड़कों के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि विजयपुर क्षेत्र में लगातार बुनियादी सुविधाएँ सड़क, बिजली, पानी और किसानों को सिंचाई की सुविधा में और अधिक वृद्धि के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। वन मंत्री श्री रावत ने शनिवार को विजयपुर क्षेत्र में 10 करोड़ 87 लाख 96 हजार रुपये की लागत से बनने वाली 5 सड़कों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्या के निदान के लिये मैं हमेशा प्रयासरत रहूँगा। सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ दिये जाने का कार्य किया जा रहा है। सांसद श्री तोमर ने कहा कि हर गाँव को सड़क से जोड़ने के लिये कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज विजयपुर क्षेत्र की 5 गाँव की सड़कों के निर्माण के लिये नींव रखी गयी है।

## देवी अहिल्या के नाम पर रखा जाएगा मध्य प्रदेश पुलिस बटालियन का नाम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म शताब्दी वर्ष में उनके प्रति सम्मान के प्रकट करने मंत्रि-परिषद की बैठक महेश्वर में आयोजित की जाएगी। उनकी न्यायप्रियता, शासन-प्रशासन में नवाचार, लोक कल्याण सहित उनके संपूर्ण व्यक्तित्व व कृतित्व पर शोध के लिए देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर में शोध पीठ स्थापित होगी। देवी अहिल्या से जुड़ी ऐतिहासिक सामग्री के संकलन के लिए अभियान चलाया जाएगा। मध्य प्रदेश पुलिस की बटालियन का नाम भी देवी अहिल्याबाई पर रखा जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्मशताब्दी वर्ष के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर प्रसिद्ध तीर्थों और धार्मिक स्थानों में मंदिर, घाट, कुंए और बावड़ियों का निर्माण कराया तथा अन्न क्षेत्र का भी संचालन किया। उनका शासनकाल न्यायप्रियता के लिए प्रसिद्ध है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों और उनसे संबंधित जानकारी का प्रसार स्कूल, कॉलेल और सार्वजनकि स्थानों पर किया जाएगा। इस दौरान सुझाव दिया गया कि आगामी गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित करने, ग्रामीण स्तर पर महिला नेतृत्व को चिह्नित कर पंचायत स्तर पर देवी अहिल्याबाई के नाम पर उन्हें सम्मानित करने, मोढ़ी लिपि में विद्यमान प्रशासनिक व साहित्यिक सामग्री का हिंदी व अंग्रेजी में अनुवाद करवाने, पाठ्यक्रम में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर पाठ का समावेश करने, छात्राओं के लिए आत्मरक्षा का पीरियड आरंभ करने सहित अन्य सुझाव भी दिए गए।

## उत्तम तप धर्म दिवस पर परम तपस्वी का आशीर्वाद हमारा परम सौभाग्य-मंत्री राजपूत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भाग्योदय तीर्थ में आयोजित देश-विदेश से पधारे शिविरार्थियों के लिए आयोजित श्रावक संस्कार शिविर एवं चल रहे पर्यूषण पर्व के सातवें दिवस उत्तम तप धर्म के अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने मुनि सुधासागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मुनिश्री से क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों पर अपना आर्शीवाद सतत् बनाये रखने के लिए प्रार्थना की। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने शिविरार्थियों का स्वागत करते हुए आचार्य विद्यासागर के साथ उनके बिहार में शामिल होने बावत् अपने अनुभव साझा किये एवं मुनि सुधासागर की जन्मस्थली ईश्वरवारा एवं अपनी जन्मस्थली जेरई ग्रामों के नजदीक होने का जिक्र करते हुए मुनिश्री से आर्शीवाद लिया। श्री राजपूत ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे शहर सागर में देश-विदेश से शिविरार्थी पधारे। म.प्र.शासन का मंत्री होने के नाते, सागर का निवासी होने के नाते मुनि सुधासागर की जन्मस्थली के पास के ग्राम जेरई का नागरिक होने के नाते आप सभी का स्वागत एवं हृदय से पलक पांवड़े बिछाकर अभिनंदन करता हूं । उन्होंने कहा कि हमारा सागर धन्य हुआ जो मुनिश्री की कृपा से आप सभी का आगमन हमारे शहर में हुआ। भाग्योदय तीर्थ सागर में आचार्य विद्यासागर महाराज की मंगल आशीर्वाद से निर्माणाधीन सर्वतोभद्र जिनालय का निर्माण कार्य श्री राजपूत ने मंदिर कमेटी के साथ अवलोकन किया और मंदिर निर्माण की भूरि भूरि प्रशंसा की। निर्माण कार्य के संदर्भ में उन्होंने कहा सागर में यह इतिहास बन रहा है। आचार्य विद्या सागर महाराज के आशीर्वाद से इस मंदिर को देखने के लिए देश विदेश से लोग सागर आएंगे।



## विक्रम उद्योगपुरी के लिए 450 करोड़ होंगे खर्च

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद अब यहां यूरोप के ग्रेट ब्रिटेन और साउथ कोरिया के इंडस्ट्रियलिस्ट ने उद्योग लगाने के लिए जमीन की डिमांड करना शुरू कर दिया है। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने उज्जैन जिले की विक्रम उद्योगपुरी को विस्तारित करने 1170 एकड़ जमीन के अधिग्रहण की प्रोसेस शुरू कर दी है। 15 नवंबर तक जमीन अधिग्रहण का काम पूरा करने के लिए उज्जैन कलेक्टर ने 6 गांवों की जमीन चिन्हित कर ली है और उसके मुआवजे के लिए सरकार ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इस भूमि अधिग्रहण में 450 करोड़ रुपए से अधिक का खर्च आएगा। उज्जैन-देवास मार्ग पर उज्जैन से लगभग 14 किमी और देवास से 18 किमी दूरी पर यह उद्योगपुरी नरवर गांव के पास है। इस इंडस्ट्रियल एरिया में पहले से 458 हेक्टेयर जमीन थी जो अब पूरी तरह से औद्योगिक संस्थाओं को दी जा चुकी है और ऐसे में सरकार को इसी के आस-पास के गांवों में इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट के लिए भूमि अधिग्रहण करना पड़ रहा है। यहां के महाप्रबंधक राजेश राठौड़ ने बताया कि यह उद्योगपुरी सात गांव में है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद यहां 200 एकड़ जमीन की डिमांड 31 उद्योगपतियों ने की है। औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को देखते हुए सरकार ने यहां की 473 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण शुरू किया है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद 60 दिन की अवधि में इसका अधिग्रहण पूरा कर लिया जाएगा। यहां उद्योग लगाने के लिए वॉल्वो आइसर को सौ एकड़ जमीन चाहिए। अभी उपलब्धता के आधार पर 31 एकड़ जमीन वॉल्वो आइसर को दी गई है।

## प्याज किसानों को सरकार का बड़ा तोहफा, एक झटके में 10 रुपए किलो बढ़े दाम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने किसानों के हित में प्याज के निर्यात शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत किया है। सरकार के इस निर्णय का सीधा लाभ देश एवं प्रदेश के किसानों को मिलेगा। मध्य प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ने से प्याज का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है।

निर्यात शुल्क घटाने से किसानों को उपज का बढ़ा हुआ मूल्य प्राप्त होगा। शनिवार को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसानों के हित में फैसला है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के किसानों के हित में लिए गए एक अन्य निर्णय पर आभार मानते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा तिलहन एवं खाद्यान्न तेलों पर बेसिक ड्यूटी बढ़ाने से सभी प्रकार के आइल (तेल) की मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरसों, सूरजमुखी, मूंगफली, सोयाबीन आदि के आइल पर बेसिक ड्यूटी को 32 प्रतिशत किया गया है। सोयाबीन के उपार्जन के लिए समर्थन मूल्य चार हजार 892 किया गया है, जिसका लाभ भी किसानों को प्राप्त होगा। सरकार का फैसला प्याज उत्पादक किसानों के लिए राहत लेकर आया है। केंद्र सरकार ने प्याज निर्यात पर शुल्क को 40 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया। इससे प्याज की कीमत पर असर हुआ है। गुरुवार की तुलना में शनिवार को प्याज के थोक भाव में 10 रु प्रति किलो की तेजी आई है। बदनावर मंडी में बेहतर गुणवत्ता वाला प्याज 50 रु प्रति किलो तक बिका। गुरुवार को प्याज का दाम प्रति किलो 41 रु था। यह तेजी प्रदेश की अन्य मंडियों में भी देखी गई है। पिछले 20 से 25 दिनों से वैसे भी प्याज की कीमतों में तेजी बनी हुई थी। इस बार प्याज का रकबा बढ़ने की संभावना है। भारत भर में प्याज उत्पादन में महाराष्ट्र प्रथम और मप्र दूसरे स्थान पर है। इनमें मालवांचल में सर्वाधिक प्याज उत्पादित होता है। यहां के प्याज की मांग देश ही नहीं पड़ोसी बांग्लादेश व पाकिस्तान में भी है। धार जिले में करीब 15 हजार हेक्टेयर में प्याज रोपा जाता है। सर्वाधिक रकबा चार हजार 300 हेक्टेयर बदनावर क्षेत्र का है। बदनावर सब्जी मंडी प्याज, लहसुन की आवक में इंदौर के बाद दूसरा स्थान रखती है। वर्तमान में यहां से प्याज यूपी के साथ बिहार, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू आदि प्रदेशों में जा रहा है। वैसे तो बुधवार को प्याज के स्थिर भाव का पता चल पाएगा। रविवार व सोमवार को शासकीय अवकाश है।



## गोबर से बनाए गए पेन्ट को मिले मान्यता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पशुपालन मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा है कि गोबर से बनाए गए पेन्ट को मान्यता देकर उसके विपणन में सहयोग किया जाए, जिससे गौशालाएं आय अर्जित कर सकें। पशुओं के उपचार के लिए 50 हजार पशुओं पर एक मोबाइल यूनिट हो और पशु चिकित्सालय एवं ओषधालयों का सुद्रणीकरण किया जाए। इस माह से प्रारंभ होने वाली 21वीं पशु संगणना के लिए कर्मचारियों को टैबलेट भी प्रदाय किए जाए। पशुपालन मंत्री श्री पटेल भुवनेश्वर, उड़ीसा में देश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्रियों की बैठक में सुझाव रखे। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने की। मध्य प्रदेश पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम द्वारा संचालित सेंट्रल सीमन स्टेशन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया। संस्था की ओर से ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रबंध संचालक डॉ. राजू रावत एवं प्रभारी डॉक्टर दीपाली देशपांडे ने प्राप्त किया। बैठक में सभी राज्यों के पशुपालन मंत्रियों द्वारा उनके राज्यों में चलाई जा रही योजनाओं तथा विभागीय कार्यों में भारत सरकार की अपेक्षाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने भारत सरकार द्वारा पूरा सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया।



केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने कहां के डेयरी सेक्टर असंगठित है, इसे सहकारी समितियां के माध्यम से विकसित करें। इस संबंध में राज्यों को जागृत होना होगा तथा गंभीरता से सोचना होगा, जिससे दूध उत्पादन को बढ़ाया जा सके। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्यों को नस्ल सुधार के साथ पशुओं को बीमारी से मुक्त करना होगा। भारत सरकार की पशुपालन, डेयरी सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पशुपालन के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत की पशुपालन में विश्व स्तर पर अच्छी रैंकिंग है। बैठक में 15 राज्यों के पशुपालन मंत्री, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव, संचालक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित हुए।

# विधायक ने केंद्रीय मंत्री पर लगे आरोपों का किया समर्थन

## वीरेंद्र खटीक बोले- कंबल ओढ़कर घी पीने वालों को शब्दों का नाप-तोल कर प्रयोग करना चाहिए



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर से बीजेपी विधायक ललिता यादव ने केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक पर लगे आरोपों का समर्थन किया है। जिसे लेकर में सियासत तेज हो गई है। दरअसल, कल (14 सितंबर) को पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह 'भवर राजा' ने केंद्रीय मंत्री खटीक के प्रतिनिधि को अपराधी बताया था। जिसे लेकर उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी। अब विधायक ललिता यादव ने आज( 15 सितंबर) को पूर्व मंत्री भंवर राजा का समर्थन करते हुए मीडिया से कहा- मानवेंद्र सिंह द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं वे काफी हद तक सच हैं। सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार को अपने प्रतिनिधि घोषित करने से पहले इसकी जांच करना चाहिए थी। वे किसे जिम्मेदारी सौंप रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सांसद ने ऐसे लोगों को अपना प्रतिनिधि बनाया है। जिन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा के विरोध में काम किया और पोलिंग बूथ पर बतौर कांग्रेसी एजेंट मौजूद रहे। इतना ही नहीं विधायक ललिता यादव ने यह भी कहा कि सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार का अपनी लोकसभा क्षेत्र के किसी भी विधायक के साथ सामंजस्य नहीं है। जिस कारण से सभी विधायक उनसे परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि डॉ. वीरेंद्र कुमार पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और चुनाव में विजय दिलाने के लिए सभी विधायकों ने जी जान से मेहनत की है लेकिन उनके द्वारा पार्टी विरोधी लोगों को प्रतिनिधि बनाया जाना न्यायसंगत नहीं है। भाजपा कार्यालय में रविवार को सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई सदस्यता अभियान की बैठक में शामिल न होने के सवाल पर ललिता यादव ने कहा कि उन्हें बैठक में बुलाया गया था लेकिन कुछ आवश्यक कार्यों के चलते वे बैठक में शामिल नहीं हुई हैं।

**बीजेपी कार्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री खटीक:** आज (रविवार) दोपहर 2 बजे बीजेपी कार्यालय में सदस्य सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेने केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक पहुंचे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान के दौरान लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसी बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के आरोप पर जवाब देते हुए कहा- मैं कल भी कार्यकर्ताओं के साथ था आज भी हूं आगे भी रहूंगा उनके साथ अन्याय नहीं होने दूंगा।

**हमारे कार्यकर्ताओं को प्रमाण की आवश्यकता नहीं: केंद्रीय मंत्री खटीक:** जिला भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान संबंधी बैठक लेने पहुंचे सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार से जब उन पर लग रहे आरोपों पर सवाल जवाब किए गए तो सबसे पहले उन्होंने इस विषय की जानकारी न होने की बात कही। इसके बाद जब मीडिया कर्मियों ने उन्हें गत रोज पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री लालदीवान अहिरवार द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस और उनके द्वारा लगाए गए।

आरोपों से अवगत कराया तो सांसद ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कंबल ओढ़कर घी पीने वालों को शब्दों का नाप तौल कर प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा सांसद ने कहा कि विरोध क्यों किया जा रहा है यह शोध का विषय है, इसका जवाब तो विरोध करने वाले अथवा मीडिया ही दे सकती है।

सांसद ने कहा कि मैंने कभी भी अपने लिए राजनीति नहीं की है, मैं जनता और कार्यकर्ताओं के लिए लड़ने वाला व्यक्ति हूं। हमारे कार्यकर्ताओं को आयातित लोगों के प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं है, मैं हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा रहूंगा। यदि किसी को आपत्ति है तो वे संगठन में इसकी शिकायत कर सकता है।

सांसद प्रतिनिधि पर लग रहे आरोपों पर उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपराधी है तो कानून इसकी जांच करे। सदस्यता अभियान की बैठक में जिले के विधायकों की अनुपस्थिति के सवाल पर सांसद ने कहा कि चूंकि यह संगठनात्मक बैठक है इसलिए जनप्रतिनिधि इसमें शामिल नहीं हुए हैं, हमने सदस्यता टोलियों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान की समीक्षा और आगे की कार्ययोजना तैयार की है।

**भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- सब कुछ ठीक है:** पिछले दो दिनों से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में चल रही जुबानी जंग को लेकर जब भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम से बात की गई। इस पर उन्होंने अंतर्कलह की बात से इनकार करते हुए कहा- जनप्रतिनिधियों के विचार अलग हो सकते हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उनके बीच मनभेद है। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा- इस विषय पर उन्हें अधिक बोलने की जरूरत नहीं है। सभी लोग वैचारिक रूप से स्वतंत्र हैं और सभी अपनी बात रख सकते हैं, फिलहाल हमारा ध्यान सदस्यता अभियान पर केंद्रित है।

**ये है पूरा मामला:** दरअसल, कल (14 सितंबर) को छतरपुर में पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह भवर राजा और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री लाल दीवान अहिरवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि जो व्यक्ति अपराधी है। मर्डर जैसे केस हैं, कई अपराध दर्ज है। इन्होंने शासकीय जमीन में मकान बना रखा हैं, बूथ कैपचरिंग और खनन के आरोप हैं, ऐसे युवक लोकेन्द्र सिंह को केंद्रीय मंत्री और सांसद वीरेंद्र कुमार खटीक ने अपना प्रतिनिधि बना रखा है। ऐसे अपराधियों को अगर केंद्रीय मंत्री संरक्षण देंगे तो क्षेत्र में अपराध बढ़ेंगे।

भाजपा के पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह 'भवर राजा' ने केंद्रीय मंत्री डॉ.वीरेंद्र कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री लाल दीवान अहिरवार ने पूर्व मंत्री भवर राजा से शनिवार को शिकायत की थी। इसकी शिकायत प्रधानमंत्री और क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह से करने की बात कही है। बता दें कि विधायक कामाख्या प्रताप सिंह पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के बेटे हैं।

**पूर्व मंत्री ने कहा था- प्रशासन कार्रवाई करे, चाहे वह किसी पार्टी का हो:** पूर्व मंत्री भवर राजा ने कहा था- शिकायतकर्ता (लाल दीवान अहिरवार) ने मुझे अपनी व्यथा बताई है और ऊपर भी शिकायत भेजी है। मेरे पास आए थे इसलिए प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी। यह व्यक्ति शासकीय योजनाओं में दखलअंदाजी देता है। यह व्यक्ति क्षेत्रीय विधायक के काम में दखलअंदाजी देता है। शिकायतकर्ता ने जो कहा है वह सही है। प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए चाहे वह किसी भी पार्टी का हो।

## ग्राम हर्रई पहुंचा स्वास्थ्य विभाग का अमला, डॉक्टर और अधिकारियों के दल ने की जांच



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले की कुसमी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हर्रई में उल्टी-दस्त होने की वजह से मौतों का सिलसिला जारी है। जहां कुछ दिन पहले तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया और सभी गंभीर बीमार लोगों को जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कर दिया गया है।

इसके बाद रविवार सुबह एक बार फिर से डॉक्टरों का जांच दल और एसडीएम की मौजूदगी में लोगों की जांच करने के लिए गांव पहुंच गया। यहां सुबह से लोगों की जांच की जारी है। ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है, जिन्हें उल्टी और दस्त से संबंधित बीमारी है। उन्हें अलग से आइसोलेट किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर सीधी स्वरोचिस सोमवंशी ने जानकारी मिलते ही शनिवार के दिन जांच टीम भेजी थी। जहां फिर से रविवार के दिन जांच टीम गई है और तत्परता से अपने काम में जुटी हुई है। करीब 135 लोगों के जांच के सैंपल ले लिए गए हैं। अभी तक 24 लोगों को जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।

मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी सीधी डॉ. सुनीता तिवारी ने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी कुसमी के नेतृत्व में चिकित्सकों का दल ग्राम हर्रई पहुंच गए हैं और ग्रामवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय में दो व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा है, जिनके स्वास्थ्य में सुधार है।

## पुलिस ने स्थायी वारंटी को पकड़ा

### 10 सालों से फरार आरोपी दादर नगर हवेली से गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी में कोतवाली पुलिस ने हत्या, हत्या का प्रयास और चोरी के मामले में 10 सालों से फरार स्थायी वारंटी को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संतोष पिता सुखलाल बसोर (35) निवासी उत्तरी करोदिया को पकड़ा है। आरोपी को पकड़ने पुलिस 1400 किलोमीटर दूर सिलवासा दादर नगर हवेली गई थी।

थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोर्ट ने कई मामलों में स्थायी वारंट जारी किया था। लेकिन वह पेश नहीं हो रहा था। सूचना पर आरोपी को केंद्र शासित प्रदेश दादर नगर हवेली से गिरफ्तार किया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली अभिषेक उपाध्याय, उपनिरीक्षक विवेक द्विवेदी, आरक्षक अक्षय तिवारी का योगदान रहा है।

## संदिग्ध अवस्था में मिला महिला का शव

### तीन दिन पहले घर से कटनी के लिए निकली थी महिला, रहगीरों ने दी पुलिस को सूचना



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से तीन दिनों पहले निकली महिला का संदिग्ध अवस्था में घर से महज 300 मीटर की दूरी पर शव मिला है। स्थानीय लोगों ने जंगल के रोड किनारे महिला का संदिग्ध अवस्था में शव देखकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी लगने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच पड़ताल कर रही है। रविवार को पुलिस मामला दर्ज कर लोगों के बयान दर्ज कर रही है।

बताया गया कि महिला अपने घर से मजदूरी के लिए कटनी जाना चाह रही थी। पति को बताते हुए गुरुवार की शाम 4 बजे महिला घर से निकली थी। जैतपुर थाना क्षेत्र के कुडेली गांव की रहने वाली गीता पलिया पति मिट्ठू पलिया (40) वर्ष का चरोहन डोल के जंगल में सड़क किनारे शव मिला है। स्थानीय लोगों ने जब शव को देखा तब जाकर मामले की जानकारी पुलिस को दी।

थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड ने बताया कि कटनी के लिए महिला घर से निकली थी, उसे जैतपुर बस स्टैंड जाना था। बस पकड़ कर वह शहडोल पहुंचती और शहडोल से ट्रेन के माध्यम से कटनी के लिए जाती। स्थानीय लोगों को जब दुर्गंध आई तब लोग वहां पहुंचे और देखा तो महिला का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ था। जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस के अनुसार महिला के पास फोन नहीं था वह एक मजदूर थी, जिसकी वजह से पति ने भी उससे संपर्क करने की कोशिश नहीं की, वह कटनी पहुंच गई है या नहीं। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला का जहां शव मिला है वहां से कुछ-कुछ दूरी पर लोगों के घर स्थित हैं।

## बैढ़न पुलिस की कार्रवाई

### शहर में दिनदहाड़े लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, नकदी और बाइक बरामद



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले की बैढ़न थाना पुलिस ने शहर में दिनदहाड़े लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट गए पैसे और लूट में उपयोग की गई बाइक को भी जब्त कर लिया है। दोनों ही आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

जानकारी के अनुसार 9 सितंबर को धनुकधारी शाह अपने बेटे की फीस जमा करने के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज पचोर जा रहे थे। तभी शहर के ताली इलाके में बाइक सवार दो लोगों ने उनकी गाड़ी को रोक कर उनके जेब से 17210 रुपए लूट लिए। पीड़ित ने बैढ़न थाने में इसकी शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद पुलिस ने शहर के अलग-अलग सीसीटीवी कैमरे चेक कर आरोपी की तलाश शुरू की। इस दौरान संदेही अजय सिंह (40) और प्रियांशु सिंह (20) वर्ष सीसीटीवी में नजर आए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर हिरासत में लिया तो दोनों ने लूट की घटना को स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने दोनों ही आरोपियों के कब्जे से लूटे गए रुपए और घटना में प्रयोग की गई बाइक को जब्त कर दोनों को न्यायालय में पेश किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार समेत सहायक उप निरीक्षक अमित द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक पप्पू सिंह, सहायक उप निरीक्षक अरविंद द्विवेदी, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह सिंगर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## प्रधानमंत्री कालेज ऑफएक्सीलेंस सीधी में मनाया गया हिन्दी दिवस



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी म. प्र. में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ में त्रैमासिक कैलेंडर अनुसार 14 सितंबर शनिवार को हिन्दी दिवस मनाया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा में हिन्दी विषय में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध संदर्भ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन, भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित हिन्दी की पुस्तकों की प्रदर्शनी, भारतीय ज्ञान परंपरा में हिन्दी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन, हिन्दी के प्रमुख स्थानीय लेखकों, कवि एवं उनके साहित्य से विद्यार्थियों को अवगत किया गया। उक्त प्रतियोगिता/कार्यक्रम माह सितम्बर के संयोजक प्रो. विनोद कुमार साकेत प्राध्यापक हिन्दी विभाग एवं उनकी समिति के सदस्यों के साथ डॉ. आर. एन. स्वर्णकार नोडल अधिकारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के निर्देशन में आयोजित हुआ।

**निबंध लेखन प्रतियोगिता:** निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुल 15 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान अनामिका सिंह एम. ए. हिन्दी तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान श्रीमान साकेत बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष जय प्रकाश सोनी बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान - सत्य प्रकाश साकेत बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष को प्राप्त हुआ। निबंध लेखन प्रतियोगिता का समय 40 मिनट रखा गया था।

मुख्य अतिथि डॉ लहरी सिंह ने हिंदी दिवस की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि हिंदी भाषा का तेजी से विकास हो रहा है। केंद्र सरकार को संविधान में संशोधन लाकर इसे राष्ट्रभाषा घोषित कर देना चाहिए। डॉ शांति साकेत द्वारा अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा की प्रशंसा करते हुए अध्ययन अध्यापन एवं दैनिक जीवन में हिन्दी भाषा के उपयोग करने का सुझाव दिया गया। अंग्रेजी के प्राध्यापक कवि एवं साहित्यकार ने कहा कि हिन्दी इसलिए मूल्यवान भाषा है क्योंकि इसमें लोक जीवन की बोलियों का अमृत रस शामिल है। हिन्दी भारतीय संस्कृति की संवाहक है। इसके विकास और वैश्विक प्रसार के लिए हम सब को मिलकर प्रयास करना चाहिए। प्रो गुलशेर ने बताया कि हिन्दी भाषा के विकास को वैचारिकी के साथ जोड़ कर अधिक उपयोगी बनाया जाना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी एवं आध्यात्मिक व्यक्तित्व के धनी प्रोफेसर रामनारायण स्वर्णकार ने बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा और राजभाषा है किंतु इसे राष्ट्रभाषा बनाने की जरूरत है क्योंकि इस भाषा में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं संस्कृति के सपने साकार होते हैं।

## पिता को कुल्हाड़ी मारने वाला बेटा गिरफ्तार

### संपत्ति बंटवारे को लेकर किया था हमला, घायल रीवा में भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पुलिस ने पिता पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले बेटे को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। बाप-बेटे में संपत्ति को लेकर तीन दिन पहले विवाद हुआ था। घायल पिता का इलाज रीवा में चल रहा है।

पूरा मामला सीधी जिले के बहरी थाना अंतर्गत ग्राम देवरी का है। जहां 13 सितम्बर को जवाहर कुशवाहा ने गोविंद कुशवाहा (80) पर संपत्ति के बंटवारे को लेकर हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने आज पकड़ा है।

थाना प्रभारी राकेश बैस ने बताया कि वृद्ध के पोते अंजू कुशवाहा ने शिकायत दर्ज थी। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### परिवहन उप निरीक्षक ने रामनगर थाने में की शिकायत

## दो व्यक्तियों पर चेकिंग के दौरान काम में बाधा डालने का लगाया आरोप



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** परिवहन उप निरीक्षक संभागीय परिवहन उड़न दस्ता शहडोल ने दो व्यक्तियों पर चेकिंग के दौरान काम में बाधा डालने का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत परिवहन उप निरीक्षक ने रामनगर थाने में की है।

उप निरीक्षक मीनाक्षी गोखले ने बताया, '14 सितंबर की शाम चेकिंग के दौरान बिना परमिट वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएस 7129 को छुड़वाने के लिए वाहन मालिक के साथ दो व्यक्ति मुनेंद्र यादव और इंद्रपाल यादव आए थे। दोनों शासकीय कार्य में बाधा पहुंचा रहे थे। गाड़ी न छोड़ने पर वे दबाव बनाया लगे। जब गाड़ी नहीं छोड़ी गई ,तो गलत-गलत कॉमेंट करने लगे। अभद्र इशारे करने लगें। इस तरह से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहें थे। हमने इसकी शिकायत रामनगर थाने में की हैं और कार्रवाई की मांग की हैं।'

**मामले पर एक काउंटर शिकायत भी दर्ज:** वहीं इस पूरे मामले पर एक काउंटर शिकायत भी की गई है। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि मुनेंद्र यादव और इंद्रपाल यादव दोनों अपने पत्रकारिता के काम से बरतराई चेक पोस्ट गए थे। जहां सादे कपड़े में कुछ लोगों ने हमें रोक कर हमारे गाड़ी के संबंध में कागज की मांग की। कागज नहीं दिखाने पर दोनों व्यक्ति अपनी बोलेरो वाहन में जाकर बैठ गए। जब उनसे सवाल जवाब किया गया, तो वह धमकी देने लगे। थोड़ी देर में आरटीओ प्रभारी ऋतु शुक्ला और मीनाक्षी गोखले वहां पहुंची और हमारे साथ गाली-गलौज करने लगी। फिलहाल पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामले की जांच कर रही हैं।

## कोतवाली पुलिस ने सूदखोरी के विरुद्ध की कार्रवाई

### सूदखोर मनीष मालू और कर्जदार से उगाही करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** पुलिस ने सूदखोरों के विरुद्ध कार्रवाई की है। कर्ज और सूदखोरी के जाल से त्रस्त होकर एक स्कूल के सहायक ग्रेड - 3 कर्मचारी ने सूदखोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने सूदखोर मनीष मालू और कर्जदार से उगाही करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताए कि कर्ज और सूदखोरी के जाल से त्रस्त होकर चैन सिहं परस्ते पिता धनीराम परस्ते उम्र 61 वर्ष निवासी ग्राम पसला (सहायक ग्रेड - 3 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बम्हनी, अनूपपुर) ने शुक्रवार को सूदखोरी की शिकायत दर्ज कराई थीं।

उसने बताया कि दो साल पूर्व आर्थिक तंगी के चलते मनीष मालू निवासी अनूपपुर से 90 हजार रुपए कर्ज लिया था। जो मनीष मालू ने ब्याज जोड़ कर अब तक 3 लाख रुपए नगद वसूला जा चुका है और कर्ज की राशि न पटने का कहकर आवास फायनेंस बैंक शहडोल से 6 लाख 58 हजार 145 रुपए का लोन दिलाया कर वह धनराशि भी हड़प लिया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली पुलिस ने फरियादी चैन सिहं परस्ते की शिकायत पर आरोपी मनीष मालू पिता प्रदीप मालू उम्र 33 साल निवासी वार्ड न. 14 चेतना नगर, अनूपपुर के विरुद्ध धारा 3 एवं 4 म.प्र. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी मनीष मालू को गिरफ्तार कर लिया।

कर्जदार के घर जाकर ब्याज की रकम वसूलने का काम करने वाले सहआरोपी राकेश विश्वकर्मा पिता गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 25 साल निवासी ग्राम कोंडा जिला अनूपपुर को भी गिरफ्तार किया गया है

पहले से दर्ज हैं, सूदखोरी का प्रकरण

सूदखोरी के प्रकरण में आरोपी पर मुनीराम पाठक पिता बेनीराम पाठक उम्र 63 साल निवासी संजय नगर, थाना चचाई को 20 लाख रुपए लोन दिलाया कर 5 लाख 25 हजार रुपए हड़पने, बैजलाल रजक पिता बाबूलाल रजक उम्र 21 साल निवासी अमरकंटक तिराहा अनूपपुर को 3 लाख रुपए लोन दिलाया कर 1 लाख 80 हजार रुपए हड़पने और सुरेश कहार पिता गणेश प्रसाद कहार उम्र 29 साल निवासी वार्ड न. 12 अनूपपुर को 4 लाख रुपए लोन दिलाया कर 1 लाख 50 हजार रुपए धोखाधड़ी कर गबन कर लेने के मामले में थाना कोतवाली अनूपपुर में मामला दर्ज हैं।

पुलिस ने बैंक खातों पर लगवाए होल्ड

सूदखोर मनीष मालू के तीन मंजिला घर में रेड की गई। जहां महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए। साथ ही आरोपी सूदखोर मनीष मालू के आईडीबीआई बैंक, एक्सिस बैंक और इंडियन बैंक शाखा अनूपपुर के खातों में जमा लाखों रुपए की राशि पर पुलिस ने तत्काल प्रभाव से होल्ड लगवा दिए गए है।

सूदखोर आरोपी मनीष मालू की अनूपपुर तहसील में स्थित 0.024 हेक्टयर जमीन की खरीद बिक्री पर पंजीयक कार्यालय अनूपपुर से रोक लगा दी गई है। पुलिस ने मनीष मालू के विरुद्ध सूदखोरी और धोखाधड़ी के अन्य शिकायतों पर जांच कर कार्रवाई कर रही है।

## मृतकों के परिजनों को दी गई आर्थिक सहायता

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार जनजातीय कार्य विभाग सीधी के सहायक आयुक्त डॉ. डी के द्विवेदी द्वारा हर्रई एवं अमरोला ग्रामों के डायरिया से मृतकों के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की गई तथा परिजनों को जनजातीय कार्य विभाग की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई। सर्वप्रथम सहायक आयुक्त ग्राम हर्रई के शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंचे जहां श्री गणेश बैगा की धर्मप%ी स्व.रीना बैगा तथा पुत्र स्व.बुद्धसेन बैगा के मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार की राशि प्रदान की। इसके पश्चात ग्राम अमरोला पहुंचकर डायरिया से मृत स्व. अजय सिंह के पिता श्री विजय सिंह गोंड को आर्थिक सहायता के रुप में 5 हजार रुपये की राशि प्रदान की।

# विचार

## समाज की समृद्धि में इंजीनियरिंग वर्ग का बहुमूल्य योगदान

पूरे भारत में 15 सितंबर को इंजीनियर्स-डे मनाया जाता है। यह खास दिन देश और दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले इंजीनियरों के काम को सराहने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन देश के महान इंजीनियर और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की याद में मनाया जाता है। उन्होंने भारत की प्रगति में बहुमूल्य योगदान दिया। डा. एम. विश्वेश्वरैया ने देश में कई बांध बनवाए थे। इनमें कृष्णराज सागर बांध, पुणे के खरकवासला जलाशय में बांध और ग्वालियर में तिगरा बांध शामिल हैं। इसकी योजना 1909 में बनाई गई थी और 1932 में पूरी हुई। उन्होंने मैसूर सरकार के सहयोग से कई कारखाने और शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए। डा. विश्वेश्वरैया के इन योगदानों के बाद उन्हें देशभर में पहचान मिली। भारत में सिविल इंजीनियरिंग के महान नायक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 15 सितंबर को राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस मनाया जाता है। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया भारत के पहले सिविल इंजीनियरों में से एक थे , जिन्हें 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। दुनिया भर में विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में विशेषकर मैकेनिकल, दूरसंचार, सिविल, इलैक्ट्रिकल, मैडीकल और कैमिकल इंजीनियरिंग आदि के प्रसार और विकास के साथ-साथ, इंजीनियरों ने चुनौती को स्वीकार करते हुए मानव जीवन को आरामदायक बनाने के साथ-साथ औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों में भी क्रांतिकारी सुधार लाए हैं। जहां विज्ञान ने विभिन्न क्षेत्रों में तमाम नई तकनीकों का विकास किया है वहीं इन सभी तकनीकों को खोजने और विकसित करने में इंजीनियरों की सोच परिश्रम ही मुख्य आधार है जिसके बिना आज के आरामदायक मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। किसी ने एक इंजीनियर से पूछा कि आप इंजीनियर होने पर अपने आप पर गर्व क्यों महसूस करते हैं? उस इंजीनियर ने बड़े ही दिल से यह बात कही और कहा कि जिस प्रकार कानूनी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विंग के लोगों की अर्थव्यवस्था, न्याय व्यवस्था के माध्यम से न्याय दिलाने पर निर्भर करती है और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे व्यापक क्षेत्र से जुड़े लोगों का भविष्य बीमारियों की रोकथाम पर निर्भर करता है

# अहम मुद्दों पर उजागर हुई राहुल गांधी की असलियत

मृत्युंजय दीक्षित

**लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा की और वहां भारत विरोधी शक्तियों और समूहों के साथ बैठकर भारत तथा हिंदुत्व विरोधी बयान देकर उजागर कर दिया कि वे लोकसभा में नेता विरोधी दल नहीं वरन भारत विरोधी नेता हैं। मोहबत की दुकान का गाना गाने वाले राहुल गांधी नफरत से इतने अधिक भरे हुए हैं कि अपने पूर्वजों के अच्छे विचारों को भी तिलांजलि दे चुके हैं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत विमर्श भारत विरोधी, अलगाववादी, विध्वंसक तथा हिंदुत्व का अपमान करने वाला है। राहुल गाँधी की भाषा हिन्दू देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक रही।**



ऐसा प्रतीत हुआ कि राहुल गांधी वास्तव में शहरी नक्सली हैं और टुकड़े-टुकड़े गैंग के निर्देशक ही उनके सलाहकार हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित है। राहुल गांधी ने अमेरिका में चीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वहां पर बेरोजगारी नहीं है जबकि भारत और अमेरिका जैसे देशों में भयंकर बेरोजगारी है। सिख समुदाय पर भी राहुल ने विवादित और घटिया बयान दिया और कहा, मेरी लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी? या एक सिख को कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी? जो राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में यह ढिंढोरा पीटते रहे अगर भाजपा 400 पार चली गयी तो वह संविधान बदल देगी आरक्षण को समाप्त कर देगी उन्हीं राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि जब भारत भेदभाव रहित स्थान होगा तब कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने पर विचार करेगी। अभी ऐसा नहीं है क्योंकि उनकी नजर में 2014 से दलितों आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उचित भगीदारी नहीं मिल रही है। राहुल गांधी ने हिंदी पर भी आरोप मढ़ दिया और कह डाला कि अगर आपको लगता है कि आंध्रप्रदेश के लोग हिंदी जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं तो यह राज्य के लोगों का अपमान है। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके बोलते बोलते राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ तक पहुँच गए औए कहा वे मानते हैं कि महिलाएं घर पर ही रहें, रसोई संभालें। सबसे बड़ा झूठ यह बोलकर आये हैं कि भारतीय राजनीति में प्रेम सम्मान और विनम्रता गायब है।

राहुल गांधी ने सिख समुदाय को लेकर जो विवादित बयान दिया है उससे खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुनपतवंतसिंह पन्नू बहत खुश है तथा उनका समर्थन कर रहा है, राहुल के बयानों से खालिस्तान मूवमेंट के समर्थन की बू आ रही है। भारत में पंजाब और पंजाबियत का जो हाल कांग्रेस ने किया है वह किसी से छुपा नहीं है। कौन नहीं जानता कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 3000 सिखों का जो नरसंहार हुआ, जगह जगह दंगो के दौरान सिखों की पगड़ी उतार कर फेकी गई, उनके घर और दुकानों को आग के हवाले किया गया यह सब कुछ गांधी परिवार के नियंत्रण में ही हुआ था और राहुल के पिता राजीव गांधी ने, %%बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है% कहकर उसका बचाव किया था। कांग्रेस के ही शासनकाल में सिख राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के साथ हुआ दुर्व्यवहार पूरा देश जानता है। राहुल गांधी के बयान से भारत का राष्ट्रभक्त सिख समाज आंदोलित और आहत है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक बड़ा बयान भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी दिया है। राहुल के अनुसार 2024 का लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं था, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी द्वारा नियंत्रित था। बीजेपी के पास अपार धन था, प्रशासन की ताकत थी, चुनाव आयोग का रवैया बीजेपी के पक्ष में था अगर निष्पक्ष चुनाव होते तो बीजेपी 240 सीटें जीत ही नहीं सकती थी। यहाँ राहुल गांधी संभवतः भूल गये कि चुनावों के दौरान कांग्रेस द्वारा सत्ता के दुरुप्रयोग की कहानियां भरी पड़ी हैं वो तो भला हो कि धीरे धीरे चुनाव आयोग ने सामर्थ्य दिखाना आरम्भ किया और चुनाव प्रणाली को सुदृढ़ किया।

राहुल गांधी अमेरिका में धुर भारत विरोधी नेताओं के साथ बैठक करते हैं और उनके साथ विचार विमर्श करते हैं। दुनिया भर में राष्ट्रवादी सरकारों के सबसे बड़े दुश्मन और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले जार्ज सोरोस के साथ उनके और उनकी माता जी के सम्बंध अब छुपे नहीं रह गये हैं। राहुल गांधी की सबसे अधिक विवादित मुलाकात डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर और प्रमिला जयपाल सहित विदेशी सरकारों के तख्ता पलट के विशेषज्ञ माने जाने वाले डोनाल्ड ब्लू से होती है जो बताती है कि राहुल गांधी के इरादे खतरनाक ही नहीं बहुत ही खतरनाक हैं।

राहुल गांधी प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते अब देश का ही विरोध करने पर उतारू हो गये हैं। विश्लेषकों का अनुमान है राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा और उनकी बयानबाजी उन्हें ही भारी पड़ने वाली है जिसमें एक अहम मुद्दा आरक्षण का है। राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने वाले बयान को बसपा नेत्री मायावती ने लपक लिया है और अब वह उसी को हथियार बनाकर हरियाणा व जम्मू कश्मीर सहित आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पर हमला करने जा रही हैं।

आश्चर्यजनक रूप से राहुल गांधी भारत के शत्रु देशों चीन और पाकिस्तान की निंदा नहीं करते, वह सीमा पार से चलाये जा रहे आतंकवाद का विरोध नहीं करते। राहुल गांधी का स्पष्ट विचार है कि 1947 से पहले भारत का अस्तित्व ही नहीं था। राहुल गांधी अमेरिका में जिस संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित करते हैं वह सभी जार्ज सोरोस द्वारा पोषित संस्थाएं हैं। साफ है कि राहुल गांधी देश में अराजकता चाहते हैं। जब राहुल गांधी अमेरिका गये तब भारत में सुनियोजित तरीके से एक ही पैटर्न पर गणेशोत्सव पर हमले किये गये। राहुल गांधी अमेरिका में भाजपा व संघ की तुलना तालिबान से करते हुए हिंदुत्व पर प्रहार करते हैं।

राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं के दौरान हमेशा ही भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के लिए खाद, पानी उपलब्ध कराते रहते हैं। राहुल गांधी जिस प्रकार चीन और पाकिस्तान की प्रशंसा के पुल बांधते हैं उससे एक बड़ा संदेह और भय पैदा होना स्वाभविक है। उनके मन में हिंदू और हिंदुत्व की विचारधारा के प्रति जिस प्रकार की नफरत भरी हुई है वो बहुसंख्यक समाज के लिए चिंता का विषय है।

## 1965 के भारत-पाक युद्ध के कुछ रोचक तथ्य

1965 के भारत-पाक युद्ध के कई नए अति रोचक रहस्यमयी और हैरतअंगेज तथ्य सामने आए हैं, जिन पर नजरसानी करने से उस समय के विश्व के हालात की जानकारी हासिल की जा सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) में 5 करोड़ लोगों को अपनी कीमती जानें गंवानी पड़ी और भयंकर तबाही व बर्बादी के बाद युद्ध समाप्त हो गया परंतु विश्व 2 गुटों ( अमरीका और रूस) में बंट गया। इस शीत युद्ध ने विश्व के लिए एक नई मुसीबत खड़ी कर दी। भारत ने गुट निरपेक्ष नीति को अपना लिया जबकि पाकिस्तान बोरिया बिस्तर समेट अमरीका की गोद में जा बैठा और उसका चहेता बन गया तथा वर्ष 1954-55 में सीटो और सैंटो का सदस्य बन गया। इस तरह उसे ब्रिटेन, तुर्की, ईरान, सऊदी अरब, अमरीका और इंडोनेशिया का समर्थन भी मिल गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं विश्व प्रसिद्ध नेता पंडित जवाहर लाल नेहरू 1964 में इस दुनिया को अलविदा कह गए। उनके स्थान पर लाल बहादुर शास्त्री को प्रधानमंत्री की पदवी पर सुशोभित किया गया। भारत में पिछले कुछ वर्षों से कई प्रदेशों में राजनीतिक आंदोलन चल रहे थे जिसमें जम्मू-कश्मीर में 'मुए मुकद्दस' का गुम होना, तमिलनाडु में इक्षहदी विरोधी आंदोलन, पंजाब में पंजाबी सूबा आंदोलन और कुछ ईस्टर्न राज्यों में अलगाववादी आंदोलन चल रहे थे। देश को अनाज की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा था। हकीकत में राष्ट्र बड़ी नाजुक स्थिति से गुजर रहा था।

# घुटती सांसों से कम होती औसत आयु की चिन्ता

ललित गर्ग

वायु प्रदूषण का संकट भारत की राष्ट्रव्यापी समस्या है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हाल ही में जारी रिपोर्ट इस चिन्ता को बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु तीन से पांच वर्ष एवं दिल्ली में दस से बाहर वर्ष कम कर रहा है। बहरहाल प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की जरूरत है। अध्ययन कहता है कि देश की एक अरब से अधिक आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। दरअसल, देश के बड़े शहर आबादी के बोझ से त्रस्त हैं। बढ़ती आबादी के लिये रोजगार बढ़ाने व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो औद्योगिक इकाइयां लगायी गई, उनकी भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका रही है। डीजल-पेट्रोल के निजी वाहनों को बढ़ता काफिला, निर्माण कार्यों में लापरवाही, कचरे का निस्तारण न होना और जीवाश्म ईंधन ने प्रदूषण बढ़ाया है। यह बढता वायु प्रदूषण हमारी जीवन शैली से उपजे प्रदूषण की देन भी है। यह निराशाजनक खबरों के बीच उत्साहवर्धक खबर यह भी है कि भारत में सूक्ष्म कणों से पैदा होने वाले जानलेवा प्रदूषण में गिरावट आई है। लेकिन अभी जीवन प्रत्याशा घटाने वाले प्रदूषण को लेकर जारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट 'वायु गुणवत्ता जीवन सूचकांक-2024' बताती है कि भारत में साल 2021 की तुलना में 2022 के वायु



प्रदूषण में 19.3 फीसदी की कमी आई है। हालांकि, यह उपलब्धि मौजूदा हालात में बहुत बड़ी तो नहीं कही जा सकती है, लेकिन यह बात उत्साहवर्धक है कि प्रत्येक भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इक्यावन दिन की वृद्धि हुई है। हालांकि, हम अभी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों की कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं, लेकिन एक विश्वास जगा है कि युद्ध स्तर पर प्रयासों से भयावह प्रदूषण के खिलाफ किसी हद तक जंग जीती भी जा सकती है। लेकिन इसके साथ ही सूचकांक-2024 में यह चेताया भी है कि यदि भारत में डब्ल्यूएचओ के वार्षिक पीएम 2.5 के सांद्रता मानक के लक्ष्य पूरे नहीं होते तो भारतीयों की जीवन प्रत्याशा में करीब साढ़े तीन साल की कमी आने की आशंका पैदा हो सकती है। पीएम 2.5 श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर सकता है और सांस संबंधी समस्याओं को जन्म देता है। यह स्वास्थ्य को एक बड़ा खतरा है और वायु प्रदूषण का एक प्रमुख कारक है।

हालांकि, राजधानी समेत कई अन्य राज्यों में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद प्रदूषण में काफी कमी आई है। इस दिशा में हमें दीर्घकालीन नीतियों के बारे में सोचना होगा। हमारी कोशिश हो कि घनी आबादी के बीच चलायी जा रही औद्योगिक इकाइयों को शहरों से दूर स्थापित किया जाए। हमारे उद्यमियों को भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देना चाहिए। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि प्रदूषण में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद दिल्ली आदि महानगरों में चलाये जाने वाले ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रेप जैसी व्यवस्था को नियमित रूप से लागू क्यों नहीं किया जा सकता? ताजा कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि बढ़ता प्रदूषण नवजात शिशुओं तथा बच्चों की जीवन प्रत्याशा पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में हमें पराली के निस्तारण, औद्योगिक कचरे के नियमन तथा कार्बन उत्सर्जन करने वाले ईंधन पर रोक लगाने जैसे फौरी उपाय तुरंत करने चाहिए। ऐसे तमाम प्रदूषण स्रोतों को नियंत्रित करने की जरूरत है जो हमारे जीवन पर संकट पैदा कर रहे हैं।

अध्ययन कहता है कि भारत के सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित हैं। हम न भूलें कि देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की गिनती लगातार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में होती रही है। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दर्शाते हैं। लेकिन थोड़ी स्थिति सामान्य होने पर परिणाम वही 'ढाक के तीन पात'। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय होते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में प्रदूषण कम करने को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया। विकासशील देश पहले ही निर्धारित वायु गुणवत्ता के मानक पूरा नहीं कर पा रहे हैं, वहीं डब्ल्यूएचओ ने मानकों को और कठोर बना दिया है। सभी सरकारों व नागरिकों का दायित्व बनता है कि अपने-अपने स्तर पर प्रदूषण को कम करने वाली जीवन शैली अपनाएं। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि पूरी दुनिया में सत्तर लाख मौतें हर साल प्रदूषित वायु के चलते हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुसार हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 के वार्षिक स्तर की सुरक्षित सीमा क्रमशः चालीस माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और साठ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होनी चाहिए। हालांकि, ये मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की लालसा एवं भौतिकतावादी जीवनशैली की चमक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा, एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? रिपोर्ट में उल्लेखित प्रदूषण में आई गिरावट की वजह अनुकूल मौसम संबंधी परिस्थितियां बतायी गई हैं। हालांकि, हकीकत यह भी है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये चलायी जा रही कई योजनाओं के सकारात्मक परिणामों का भी इसमें योगदान रहा है।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने मशीन लेकर खुद निकले कमिश्नर

## ठेकेदारों से कहा- घटिया निर्माण बर्दाश्त नहीं, किया जाएगा ब्लैक लिस्ट





**मीडिया ऑडिटर, बिलासपुर निप्र।** बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम के अंतर्गत शहर में चल रहे करोड़ों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए शनिवार को निगम कमिश्नर अमित कुमार मशीन लेकर खुद ही निकल पड़े। इसके बाद ठेकेदारों में हड़कंप मच गया।

ठेकेदारों को बुलवाकर उन्होंने उनके साथ बैठक की और दो टूक शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा, कमी, खामियां पाए जाने पर ठेकेदारों के खिलाफ ब्लैक लिस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी।

**सैंपल जांच के लिए भेजे गए:** निगम कमिश्नर ने अपने सामने मोबाइल टेस्टिंग वैन से मटेरियल को निकलवाया और सैंपल को जांच के लिए लैब भिजवाया। टेस्टिंग रिपोर्ट आने के बाद गुणवत्ता में खराबी पाए जाने पर उन्होंने कार्रवाई करने का संकेत दिया है। अमित कुमार संभवतः पहले कमिश्नर होंगे जिन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग के चलित परीक्षण प्रयोगशाला वैन लेकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांचने का बीड़ा उठाया।

**इन निर्माण कार्यों के सैंपल लिए गए:** निगम कमिश्नर ने पूर्ण हो चुके जिन निर्माण कार्यों के सैंपल जांच के लिए लैब भिजवाया, उनमें नेहरू नगर में सांई मंदिर से मंगला चौक तक निर्मित दिव्यांग फ्रेंडली फुटपाथ व रोड, जोन क्रमांक 7 के अंतर्गत विवेकानंद कालोनी के पास सीसी सड़क,जोन क्रमांक 1 के वार्ड नंबर 10 में बजरंग चौक से मन्ना डोल रेल लाइन के पास निर्मित सीसी सड़क शामिल है।

**ठेकेदारों की समस्याएं भी हल करेंगे:** ठेकेदारों की समस्या और सुझाव जानने के लिए निगम कमिश्नर ने निगम के सभाकक्ष में बैठक बुलाई है। बैठक में निगम कमिश्नर ने ठेकेदारों से दो टूक शब्दों में कहा कि अत्यंत बिलो रेट के कार्य में गुणवत्ता में कमी नहीं होनी चाहिए और अगर कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ ब्लैक लिस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ठेकेदार तैयार रहें।

**ठेकेदार बोले- बिलिंग में देरी हो रही:** बैठक में ठेकेदारों ने बिलिंग में देरी, गैर तकनीकी व्यक्ति द्वारा कार्य में हस्तक्षेप करने और फंड की लेटलतीफी संबंधी समस्याएं गिनाई। जिसके बाद निगम कमिश्नर ने बिलिंग के लिए टाइम लाइन निर्धारित करने और फंडिंग की समस्या को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया।

**जटिल दस्तावेजों के सरलीकरण की मांग:** इसके अलावा ठेकेदारों ने रायल्टी शुल्क स्मार्ट सिटी कार्यालय में ही जमा करने और जटिल दस्तावेजों का सरलीकरण करने की भी मांग की, जिस पर निगम कमिश्नर ने विश्लेषण करने का आश्वासन दिया है।

बैठक में ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह,सचिव पुरूषोत्तम राजपूत राजकुमार तिवारी,कमल सिंह,जितेंद्र सोनी,नरेंद्र चित्रकार,विवेक ताम्रकार, नवाज,शिवा गेंदले,आनंद बुधोलिया,अशोक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की फटकार बाद आबकारी विभाग का एक्शन

## 500 लीटर देशी शराब और महुआ लहान जब्त, किसी को नहीं बनाया गया आरोपी



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में कलेक्टर की फटकार के बाद अवैध शराब के मामले में शनिवार को आबकारी विभाग ने गनियारी में छापामार कार्रवाई की। जहां तालाब के पास छिपाकर रखे 500 लीटर महुआ शराब और 5 हजार महुआ लहान जब्त किया गया। लेकिन किसी को भी आरोपी नहीं बनाया गया है।

गांव वालों का कहना है कि, विभाग के अफसरों को तालाब में लहान छिपाने की जानकारी थी। दरअसल, शुक्रवार को सीएम ने कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही अवैध शराब के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

इस मामले में अब तक किसी को आरोपी नहीं बनाने से आशंका है कि आबकारी विभाग के अफसरों ने आरोपियों को तो छोड़ दिया, लेकिन खानापूर्ति के लिए जब्ती बना दिया।

**तालाब का पानी तक प्रदूषित हुआ:** तालाब में महुआ लहान छिपाने की कारगुजारी लगता है कि कई दिनों से चल रही थी। शायद यही वजह है कि गनियारी के जिस तालाब से महुआ लहान जब्त किया गया, उसके पानी से बदबू आने लगी थी। ये परेशानी रोजाना तालाब में निस्तारी के लिए पहुंचने वाले ग्रामीणों ने बताई।

बताया जाता है कि, पिछले लंबे समय से तालाब में महुआ लहान छिपाकर रखा गया था। शिकायत के बाद भी विभाग के अफसर नजरअंदाज कर रहे थे।

## हत्या के शक में ग्रामीण को मार डाला, भीड़ ने आरोपी का घर भी फूंका

**मीडिया ऑडीटर, कवर्धा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के लोहारीडीह गांव में एक युवक की लाश पेड़ से लटकी हुई मिली। युवक गांव का ही रहने वाला है। ग्रामीणों ने हत्या का संदेह जताते हुए गांव के एक व्यक्ति की मार डाला और घर को आग के हवाले कर दिया। आगजनी के दौरान घर में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के कारण घर में अन्य लोगों के जिंदा जलने की आशंका है। मामला रेंगाखार थाना क्षेत्र का है। एसआई अभिषेक पल्लव समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स गांव पहुंची, लेकिन पुलिस वालों को गांव में घुसने नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने एसपी अभिषेक पल्लव के साथ झूमाझटकी भी की। फिलहाल, गांव में सुरक्षा के नजरिए से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

# बॉयफ्रेंड के साथ पकड़ी गई पत्नी, पीट-पीटकर मार डाला

## रातभर लाश के पास रहा पति, पकड़े जाने पर बोला-आपत्तिजनक हालत में थे दोनों





**मीडिया ऑडीटर, गरियाबंद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पत्नी को गैर मर्द के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर पति भड़क गया जिसके बाद गुस्से में पीट-पीटकर पत्नी की जान ले ली। मामला शोभा थाना इलाके के अड़गड़ी गांव का है।

जानकारी के मुताबिक गांव में नवाखाई कार्यक्रम चल रहा था जिसमें सभी लोग व्यस्त थे। पति ध्रुवाराम नेताम (41) भी पड़ोस में गया हुआ था। कुछ देर बार जब वह वापस लौटा, तो पत्नी अनीता नेताम (35) को गांव के ही किसी दूसरे शख्स के साथ पकड़ी गई। इसके बाद दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ।

**पत्नी का प्रेमी मौके से भाग निकला:** बताया जा रहा है कि पति बहुत ज्यादा गुस्से में था। उसने पास में रखा एक डंडा उठाया और पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। पति के मारपीट से वह नीचे गिरी और फिर वहां से उठ नहीं पाई। विवाद होते ही पत्नी का प्रेमी मौके से भाग निकला।

**हत्या के बाद रातभर घर में रहा पति:** देर शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद पति रातभर घर में लाश के पास ही रहा। पड़ोसियों को हत्या की जानकारी मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी को भी वहीं से गिरफ्तार किया है।

**गैरमौजूदगी में दूसरे पुरुष से अवैध संबंध बनाती थी:** आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी उसे धोखा दे रही है। उसकी गैरमौजूदगी में दूसरे पुरुष से अवैध संबंध बनाती थी। इसे लेकर पहले भी उनकी कई बार लड़ाई हो चुकी है। पति ने बताया कि पत्नी को कई बार समझाया, लेकिन वह मानी नहीं। गुस्से में उसने वारदात को अंजाम दिया है।

**कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया:** मैनपुर एसडीओपी बाजीलाल सिंह ने बताया कि आरोपी पति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इस दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बेटे ने मारे थप्पड़...भड़के पिता ने मार डाला

### पेट में घोंप दिया चाकू, थाने में बहू बोले- ससुर ने कर दी हत्या



**मीडिया ऑडीटर, कोंडागांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में पिता ने अपने इकलौते बेटे की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पहले बेटे ने पिता को थप्पड़ मारे, इससे भड़के पिता ने वारदात को अंजाम दिया है। मर्डर के बाद आंगन में खून-खून ही बिखर गया। मामला उरन्दाबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मोदे बेड़मा का है।

मिली जानकारी के मुताबिक मरने वाले का नाम दलसिंह (25) है। वहीं आरोपी पिता का नाम लछमाराम नाग है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

**पति खून से लथपथ घर में पड़ा:** मामले में मृतक की पत्नी रजाय बाई ने बताया कि 13 सितंबर को रात्रि 8 बजे थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि ससुर ने उसके पति को मार दिया है। पति खून से लथपथ घर में पड़ा है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

**खेत में जाने के लिए डांट रहा था पिता:** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लछमाराम नाग ने अपने इकलौते बेटे को खेत में काम करने जाने के लिए कहा। नहीं जाने पर उसे डांट फटकार करने लगा। अगर खेत में काम में नहीं जाएगा तो निंदाई के लिए 3 क्विंटल धान को बेचना पड़ेगा। कहकर गाली गलौज की।

**अपने पिताजी को 3 थप्पड़ मार दिए:** इससे नाराज होकर आरोपी के बेटे दलसिंह गुस्से में आकर अपने पिताजी को 3 थप्पड़ मार दिए। इससे दोनों में हाथापाई हुई। इसी दौरान आरोपी पास में रखे छूरी से दलसिंह के पेट में घुसा दिया। पेट से ज्यादा खून निकलने लगा। इस दौरान बेटा आंगन में लड़खड़ाकर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

**कोर्ट ने आरोपी को भेजा जेल:** पुलिस ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, फिर गांव में पी शराब, जमीन पर लोटा, मचाया हंगामा



**मीडिया ऑडीटर, जशपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक शराबी शिक्षक का वीडियो सामने आया है। नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक एक क्लास पढ़ाने के बाद फिर से गांव में शराब पीने निकल गया। गांव की एक दुकान में टीचर ने इतनी शराब पी कि वह वापस स्कूल तक जाने की हालत में नहीं था। जिसके बाद ग्रामीणों ने नशे में धुत गुरुजी को स्कूल पहुंचाया।

मामला जशपुर जिले के पत्थलगांव विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला काडरो का है। यहां पदस्थ शिक्षक सुरेन्द्र कुमार मुंजनी को ग्रामीणों ने कंधे का सहारा देकर स्कूल पहुंचाया। हालांकि वीडियो सामने आते ही अधिकारी ने आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की बात कही है।

**नशा न करने की शपथ भी ली थी:** जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने जिले के शिक्षकों को चिन्हांकित कर नशे से दूर रहने का प्रशिक्षण भी दे चुकी है। नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई थी। इस शिविर में शिक्षक सुरेंद्र कुमार मुंजनी भी शामिल हुए थे। इसके बावजूद टीचर ने नशा छोड़ना तो दूर नशे की हालत में ही स्कूल में फिर से पहुंचना शुरू कर दिया गया है।

**शराबी टीचर ने गांव में मचाया हंगामा:** शराबी शिक्षक ने स्कूल से बाहर शराब पी और गांव में ही हंगामा मचाना शुरू कर दिया। शिक्षक ने इतनी पी रखी थी कि वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। शराबी टीचर गांव की दुकान में जमीन पर लोट गया। ग्रामीणों ने उसे घर जाने या स्कूल जाने कहा। लेकिन वह दुकान में ही पड़ा हुआ था।

**ग्रामीणों ने पकड़कर स्कूल पहुंचाया:** इसके बाद ग्रामीणों ने टीचर को पकड़कर किसी तरह स्कूल पहुंचाया। जब टीचर स्कूल पहुंचा तो बरामदे में ही सोने लगा। नशे के धुत शिक्षक को देख स्कूल के बच्चे सहम गए। शिक्षक खुद कह रहा है कि शराब का सेवन कर स्कूल आना ठीक नहीं है। प्रशिक्षण में भी ये हिदायत दी गई है कि शराब का सेवन कर स्कूल बिल्कुल भी न आए, लेकिन शराब की लत छूटने का नाम नहीं ले रही है।

**स्टूडेंट बोले- टीचर नशे में मारपीट करता है:** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला काडरो में 6वीं से 8वीं तक की पड़ाई होती है। इस स्कूल में कुल 136 बच्चे पढ़ते हैं। बच्चे शराबी शिक्षक के हरकत से बेहद परेशान है।

### होमगार्ड रोड पर अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

## निगम के नोटिस का जवाब नहीं दिया, प्लाट काट-काट कर रजिस्ट्री कराते रहे

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में कलेक्ट्रेट के ठीक पीछे होम-गार्ड रोड पर महीनों से चल रहे अवैध प्लाटिंग पर शनिवार को निगम ने बुलडोजर चला दिया। पुलिस के साथ पहुंचे निगम अमले ने अवैध प्लाटिंग के लिए बनाई सड़क उखाड़ दी और बाउंड्रीवॉल को गिरा दिया। मकान बनाने रखे 3 ट्रक रेत, एक ट्रक ईंट और सेंटरिंग का पूरा सामान निगम ने जब्त कर लिया है।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि, होमगार्ड रोड के पास तुलजा भवानी मंदिर के बाजू से अवैध प्लाटिंग की लगातार शिकायत मिल रही थी। भू-स्वामी के पास कालोनॉइजर लाइसेंस नहीं होने और रोक के बावजूद प्लाट काटने की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि अवैध प्लाटिंग के इस मामले के साथ ही अन्य मामलों की जांच अब निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम करेगी।

**27 रजिस्ट्री हो गई, नजूल ने नामांतरण भी कर दिया:** नगर निगम के नजूल प्रभारी जुगल सिंह की माने तो कुदुदंड में शीट नंबर 1, प्लाट नंबर 2 और 3 के अंतर्गत 92980 (2 एकड़ 13 डिसमिल) वर्गफुट जमीन भूपेंद्र कृष्णराव तामस्कर के नाम पर है। नजूल पट्?टे की इस जमीन के पट्टे की अवधि साल 2015 में ही समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि भूस्वामी बुजुर्ग हैं और उन्होंने संचालक नगर और ग्राम निवेश को पत्र लिखा था कि वह अत्यधिक उम्र के कारण जमीन संबंधी प्रक्रियाओं की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं।

### गणेश-उत्सव देखने जा रहे 3 दोस्तों में एक की मौत

## डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दो दोस्तों की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बीती रात गणेश देखने जा रहे तीन दोस्त हादसे का शिकार हो गए। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। अचानक उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ा और डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक दोस्त की मौत हो गई। वहीं 2 लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसा भिलाई तीन चरोदा के पास का है। दुर्ग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तीनों युवक रायपुर के उरला सिलतरा क्षेत्र के रहने वाले हैं। वो लोग शनिवार रात सिलतरा से एक ही बाइक में भिलाई के लिए निकले थे। वो लोग जैसे ही भिलाई तीन चरोदा के पास पहुंचे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए।

**देवा साहू की मौके पर हो गई मौत:** बताया जा रहा है कि हादसा इतना भयंकर था कि देवा साहू पिता शत्रुघन साहू (21 साल) निवासी वीरगांव उरला रायपुर की मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे उसके दोस्त उरला निवासी दीपक पटेल पिता बालेश्वर पटेल (22 साल) और उमेश कुमार साहू पिता रही साहू (21 साल) बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग और पुरानी भिलाई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों को गाड़ी से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। वहां देवा साहू को मृत घोषित कर दिया गया। उसके दोस्तों को प्राथमिक उपचार के बाद दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**मोबाइल से बात करने के कारण हादसा:** पुलिस के मुताबिक दुर्घटना का कारण ट्रैफिक नियमों का पालन ना करना है। पहले तो तीन लड़के एक ही बाइक में बैठकर भिलाई जा रहे थे। गणेश पूजा उत्सव के दौरान अधिक भीड़-भाड़ होने के बाद भी बाइक चला रहा देवा साहू चलती बाइक में फोन से बात कर रहा था। फोन से बात करने के चलते ही उसका संतुलन बिगड़ा होगा और उसकी बाइक डिवाइडर से टकराई है।

# लाइन में खड़े हार्ट पेशेंट की मौत

## सिम्स में इलाज करने के बजाय पर्ची के लिए खड़ा कराया, चली गई जान



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** बिलासपुर संभाग के सबसे बड़े सिम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे हार्ट पेशेंट की लाइन में लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पर्ची लेने के लिए लाइन में खड़ा करा दिया गया। इसी दौरान हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। इस पर कांग्रेस ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रशासन ने दवा किया कि डॉक्टरों की कोशिश के बाद भी शमशाद हुसैन को बचाया नहीं जा सका

**मरीज के सीने में दर्द के कारण आया सिम्स:** जिला प्रशासन ने पूरे मामले में प्रेस नोट जारी कर बताया कि मरीज के सीने में दर्द के कारण सिम्स इलाज के लिए पहुंचा, तुरंत ट्राइएज में मेडिसिन विभाग के डॉक्टर द्वारा उन्हें देखा गया। जब मरीज बेहोश हुआ तो ईसीजी किया जा रहा था।

**सीपीआर देने के बाद भी नहीं बचा मरीज:** चिकित्सकों द्वारा आपातकालीन उपचार का पालन किया गया और रोगी को उन्नत कार्डियोपल्मोनरी (सीपीआर) दिया गया, लेकिन डॉक्टरों के तमाम उपाय और प्रयासों के बाद भी मोहम्मद शमशाद को बचाया नहीं जा सका।

**इलाज नहीं किया, पर्ची बनवाने लाइन में लगाया:** कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि हार्ट पेंशेट को तुरंत उपचार देने की बजाय उसे पर्ची बनवाने लाइन पर खड़े करवा दिया गया, जिस दौरान अटैक आने से उसकी मौत हो गई। प्रबंधन को सौंपे गए तीन सूत्रीय ज्ञापन में लिखा गया है कि डॉक्टर मरीज की बातों को सुनने गम्भीर होते तो शायद मोहम्मद शमशाद हुसैन की जान बच सकती थी।

कांग्रेसियों ने मांग की कि गम्भीर मरीजों के लिए औपचारिकताएं बाद में भी की जानी चाहिए, लेकिन डॉक्टर ने गम्भीरता नहीं दिखाई और बड़ी घटना हो गई। इसके लिए जिम्मेदार कौन है ? कांग्रेसियों ने मांग की कि दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

**हार्ट पेशेंट के लिए ग्राउंड फ्लोर पर डाक्टर रहें:** कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि हृदयघात जैसे गम्भीर बीमारियों के लिए डॉक्टर्स को ग्राउंड फ्लोर में बैठना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी अप्रिय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार ,परिजनों के साथ छेड़खानी जैसी घटनाओं पर नियंत्रण और दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में मंगलवार को कांग्रेसजन जिला कलेक्टर से मिल कर उनसे व्यवस्था सुधारने की मांग करेंगे।

बता दें कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 1 के नेतृत्व में आज नगर निगम के सभापति शेख नजीरुद्दीन, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, महामंत्री समीर अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन और ब्लॉक अध्यक्ष विनोद साहू ने सिम्स हॉस्पिटल में डॉ. एस नायक को ज्ञापन सौंपा।

## जम्मू-कश्मीर में 72 घंटे के भीतर छठा एनकाउंटर

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में बीते 72 घंटे में चौथी बार आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। रविवार (15 सितंबर) की दोपहर कठुआ के नुकनाली नाला में गोलीबारी हो रही है। सेना और पुलिस को आतंकियों के होने की जानकारी मिली थी। सेना और पुलिस जब इलाके में जॉइंट ऑपरेशन चला रही थी। तभी आतंकियों ने टीम पर गोलीबारी की। इलाके में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका जताई गई है। इससे पहले आज सुबह पुंछ में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। मेंढर के गुरसाई टॉप के पास पठानतीर इलाके में 2-3 आतंकी छिपकर सेना पर फायरिंग कर रहे हैं। यहां भी ऑपरेशन जारी है। सेना ने बताया कि एनकाउंटर वाली जगह पर और जवानों को भी भेजा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में बीते 3 दिन में 6वां एनकाउंटर है। अबतक 5 आतंकी मारे जा चुके हैं और 2 जवान शहीद हुए हैं। पहला एनकाउंटर, 13 सितंबर- किश्तवाड़ के नैदघाम गांव में शुक्रवार दोपहर को मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें जैश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इस एनकाउंटर में 2 जवान शहीद हुए थे।

## कर्नाटक में भाजपा विधायक अरेस्ट

**बैगलुरू ( एजेंसी )।** कर्नाटक के राजाराजेश्वरी नगर से भाजपा विधायक मुनिरत्न को शनिवार (14 सितंबर) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर एक दलित कॉट्रैक्टर को जान से मारने की धमकी देने, जातिसूचक अपशब्द कहने और रिश्वत मांगने का आरोप है। विधायक के खिलाफ व्यालिकावल पुलिस स्टेशन में 13 सितंबर को 2 केस दर्ज हुए थे। उन्हें कोलार जिले के मुलबागल कस्बे के पास नांगली गांव से गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने उन्हें दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। कर्नाटक भाजपा ने विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे पांच दिन के अंदर जवाब देने को कहा। ठेकेदार बोला- कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने की धमकी दी थी विधायक पर चेल्वाराजू नाम के ठेकेदार से 30 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है। ठेकेदार का आरोप है कि विधायक ने पैसे न देने पर उनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने की धमकी दी थी। पैसे न देने पर मारपीट की। साथ ही गाली-गलौज भी की। मामला 2021 का है। विधायक ने सॉलिड वेस्ट डिस्पोजल कॉन्ट्रैक्ट के लिए ठेकेदार से पहले 20 लाख रुपए की मांग की थी। ठेकेदार चेल्वाराजू ने इसका ऑडियो क्लिप भी जारी किया है।

## हरियाणा में भाजपा-जेजेपी उम्मीदवारों का विरोध

**नरवाना ( एजेंसी )।** हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव के प्रचार के बीच लोगों ने नेताओं से हिसाब मांगना शुरू कर दिया है। प्रचार के दौरान हरियाणा के पूर्व डिप्टी ष्टरूदुष्यंत चौटाला, भाजपा के पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक विनोद भयाना और बरवाला से कांग्रेस उम्मीदवार रामनिवास घोड़ेला को विरोध झेलना पड़ा। ग्रामीण इन्हें घेरकर उनकी समस्याएं हल न करने पर जवाब मांग रहे हैं।

# पीएम मोदी ने 6 नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम मोदी आज टाटानगर यानि जमशेदपुर नहीं पहुंच सके। खराब मौसम के चलते उनके प्लान में बदलाव कर दिया गया। हालांकि, टाटानगर से वंदे भारत ट्रेन अब रवाना हो चुकी है। पीएम मोदी ने रांची से ऑनलाइन होकर6 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी दिखाई। मौसम खराब होने की वजह से रांची से जमशेदपुर की उड़ान नहीं भड़ी जा सकी। बता दें कि झारखंड के कई हिस्सों में रविवार की अहले सुबह से हवाओं के साथ वर्षा जारी है।

पीएम मोदी ने वीडियो कांफेंसिंग के माध्यम से छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने





650 करोड़ की रेल परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। पीएम का टाटानगर स्टेशन में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने तथा रोड़ शो का कार्यक्रम स्थगित हो गया। भाजपा की ओर से इसकी आधिकारिक सूचना दी गई, लेकिन गोपाल मैदान में आयोजित होने वाली सभा को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पीएम मोदी रविवार की सुबह 9ः05 बजे वायु सेवा के विशेष विमान से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधानमंत्री से मिलने एयरपोर्ट नहीं पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के बाद भाजपा के सभी नेता पुराने टर्मिनल भवन से बाहर आए। राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने बताया कि जमशेदपुर में मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री एयरपोर्ट पर ही रुकना पड़ा।

बता दें ये छह नई ट्रेनें टाटा नगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटा नगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा के बीच चलेंगी।

## केजरीवाल 17 सितंबर को दिल्ली सीएम पद से इस्तीफा देंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केजरीवाल ने दिल्ली के आप ऑफिस में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते समय इस्तीफे का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने भगत सिंह की जेल डायरी किताब भी दिखाई। 2 दिन पहले (13 सितंबर) जमानत पर जेल से बाहर आए अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वे 2 दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के दफ्तर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- भाजपा ने मुझ पर बेईमानी, भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, अब जनता की अदालत में मेरी ईमानदारी का फैसला होगा। दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया सीएम चुना जाएगा। चुनाव तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर



नहीं बैठूंगा। मनीष सिसोदिया भी कोई पद नहीं लेंगे, उनका भी यही सोचना है। केजरीवाल के दो दिन में इस्तीफा देने के सवाल पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- आज रविवार है, सोमवार को ईद की छुट्टी है। वर्किंग डे 17 सितंबर को है। इस वजह से अरविंद ने 2 दिन का समय लिया है।17 सितंबर को ही प्रधानमंत्री मोदी का 74वां जन्मदिन है। वे इस दिन कुछ घंटे गुजरात में रहेंगे फिर ओडिशा जाएंगे। मुख्यमंत्री कौन होगा- केजरीवाल ने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। चुनाव होने तक पार्टी दो-तीन दिन में नया मुख्यमंत्री चुनेगी।

सूत्रों के मुताबिक, आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है। केजरीवाल क्या करेंगे- 5 अक्टूबर को हरियाणा में वोटिंग है। राज्य में कांग्रेस से,क्कका गठबंधन नहीं हुआ है। इसके बाद यहां सभी 90 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं।

## वकीलों के गलत बयान देने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने वकीलों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। 10 सितंबर के अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि दोषियों को रिहाई में छूट दिलाने के लिए वकील झूठ बोलते हैं। इससे हमारी आस्था डगमगा जाती है। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि वकील बार-बार अदालत के सामने और दोषियों की समयपूर्व रिहाई के लिए दायर याचिकाओं में झूठे बयान पेश करते हैं। पिछले तीन हफ्ते में हमें ऐसे कई मामले देखने को मिले, जहां याचिका में झूठे बयान दिए गए। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में हर रोज हर बेंच के सामने 60 से 80 मामले लिस्ट होते हैं। जज के लिए अदालत में लिस्ट हर एक मामले के हर एक पेज पढ़ना संभव नहीं होता। हालांकि, सभी मामलों को बहुत ही सावधानीपूर्वक देखने का प्रयास किया जाता है। हमारी प्रणाली विश्वास पर काम करती है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं। लेकिन जब हम इस तरह के मामलों का सामना करते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है। इस अदालत में बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं, जिनमें स्थायी छूट न दिए जाने की शिकायत की गई हैं।

## हरियाणा चुनाव, अनिल विज की सीएम पद पर दावेदारी

**अंबाला ( एजेंसी )।** हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री और अंबाला कैंट के भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोका है। उन्होंने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विधायक-मंत्री रहते हुए खुद के कराए काम गिनवाए। विज ने कहा, मैं सबसे सीनियर नेता हूं। अपनी सीनियरिटी के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है। विज से पहले गुरुग्राम से सांसद और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी सीएम पद के लिए अपना दावा पेश कर चुके हैं। 29 जून 2024 को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंचकूला में



नायब सैनी के चेहरे पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी। इसके बावजूद हरियाणा के कई सीनियर लीडर सैनी के नाम पर नाराजगी जता रहे हैं। सारे हरियाणा से लोग आ रहे हैं। मैं जहां-जहां गया, लोग कह रहे हैं कि आप सीनियर हो, सीएम क्यों नहीं बने? मैं उन लोगों की मांग पर अपनी सीनियरिटी के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है। विज ने कहा कि मैंने आज तक कोई पद नहीं मांगा, लेकिन आज दावा पेश कर रहा हूं। अगर पार्टी ने मुझे सीएम बना दिया तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा, तस्वीर बदल दूंगा। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने मनोहर लाल खट्टर को हटाकर नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया था। तब भी सैनी की ताजपोशी से अनिल विज नाराज हो गए थे।

## मेरठ में तीन मंजिला मकान गिरी, 10 की मौत

**मेरठ( एजेंसी )।** एक ही घर में 10 जनाजे एक साथ उठे। छोटे बच्चों के शव गोद में उठाकर कब्रिस्तान तक लाया गया। यह देख वहां मौजूद सभी लोग फफक पड़े। अंतिम यात्रा में 10 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। अंतिम यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाएं और युवा भी शामिल हुए। महिलाएं गलियों और चौराहों के बाहर तक खड़ी होकर रोती रहीं। पुरुषों ने जनाजों को कंधा देकर अंतिम रवायत को निभाया। हादसे के बाद लोगों ने हापुड़ अड्डा, श्याम नगर, लिसाड़ी गेट, लोहिया नगर से लेकर आसपास के इलाके में लोगों ने अपनी दुकानें और बाजार बंद रखे।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, संदीप घोष, पुलिस अफसर सीबीआई गिरफ्त में

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता रेप-मर्डर केस मामले में शनिवार (14 सितंबर) को सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और एक थाने के एसएचओ अभिजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। अभिजीत मंडल ताला पुलिस स्टेशन में स्टेशन हाउस ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। शनिवार देर रात उसे मेडिकल टेस्ट के लिए बीआर सिंह अस्पताल लाया गया। इसके बाद सीबीआई उसे कोलकाता के स्पेशल क्राइम ब्रांच ले गई। दोनों को 17 सितंबर तक सीबीआई की कस्टडी में भेज दिया गया। संदीप घोष और अभिजीत मंडल की गिरफ्तारी के बाद स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रर्दशन कर रहे डॉक्टरों ने खुशी मनाई। डॉक्टरों ने तालियां बजाकर और नारे लगाकर सीबीआई के इस कदम की सराहना की। आरजी कर मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी संजय रॉय को कोलकाता पुलिस ने वारदात के दूसरे दिन गिरफ्तार किया था। वहीं, संदीप घोष को सीबीआई पहले ही आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। सीबीआई ने उनका पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया था। घोष ने सीबीआई को कौन सी बातें बताईं, अभी तक इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सीबीआई की जांच में खुलासा- घोष ने घटना के अगले दिन रेनोवेशन का ऑर्डर दिया 5 सितंबर को सीबीआई की जांच में सामने आया है कि ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के अगले दिन ही संदीप घोष ने सेमिनार हॉल से लगे कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था। ट्रेनी डॉक्टर का शव 9 अगस्त की सुबह सेमिनार हॉल में ही मिला था।

## चंडीगढ़ विस्फोट मामला : ग्रेनेड अटैक में दूसरा आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** चंडीगढ़ में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर हुए ग्रेनेड विस्फोट के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी विशाल को भी गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से दिल्ली से विशाल को पकड़ा है। उसकी पहचान गुरदासपुर के गांव रायमल नजदीक ध्यानपुर थाना कोटली सूरत मल्लियां बलाटा के रूप में हुई है। विशाल ग्रेनेड अटैक के दौरान सीसीटीवी फुटेज में नजर आया था। इससे पहले, एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

बता दें यह घटना चंडीगढ़ के सेक्टर 10 इलाके में बुधवार शाम हुई थी, जिससे घर की खिड़कियां और फूलों के गमले क्षतिग्रस्त हो गए थे। चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में एक कोठी पर हैंड ग्रेनेड अटैक का मामला सामने आया था। जानकारी के मुताबिक, पंजाब के रिटायर एसपी इस हमले का निशाना थे, जो कई आतंकवादी मामले की जांच कर चुके हैं। जांच एजेंसियों को शक है कि यह हमला अमेरिका और पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी आतंकियों की साजिश है। साल 2023 में भी पूर्व एसपी पर अटैक की योजना बनाई गई थी और इसी कोठी की रेकी की गई थी।

## हरियाणा में किसानों की महापंचायत खत्म

**उचाना ( एजेंसी )।** हरियाणा के जींद में आज किसान संगठनों ने किसान-मजदूर महापंचायत की। गैर राजनीतिक संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने महापंचायत की अध्यक्षता की। पंजाब से किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल महापंचायत में मौजूद रहे। इस दौरान अनाज मंडी में भारी पुलिस बल तैनात रहा। महापंचायत में किसानों ने ऐलान किया कि 22 सितम्बर को पिपली में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सरकार के खिलाफ रैलियां भी निकाली जाएंगी। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि हरियाणा की जनता भाजपा सरकार को उसके 10 साल के शासन की सजा देना चाहती है।

भाजपा सरकार इससे डर गई है और अपना गुस्सा किसानों पर निकाल रही है। किसान-मजदूरों पर गोली चलाने वाली सरकार को जनता दोबारा सत्ता में नहीं आने देगी। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि हम किसी पार्टी को वोट देने की अपील नहीं करते हैं। हम सिर्फ इतना कहना चाहते हैं कि आपको पिछले 10 सालों में किसानों पर जो अत्याचार हुए हैं। किसान आंदोलन में झूठे मुकदमे दर्ज किए गए, इस आंदोलन में किसानों पर 5 हजार मुकदमे दर्ज किए गए। शुभकरण की कैसे गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रितपाल को जेल में डालकर उसके पैर तोड़ दिए गए। हमें यह सब ध्यान में रखते हुए वोट करना है। भारतीय किसान यूनियन के नेता महेंद्र सिंह मांडी ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि युवाओं को 2 करोड़ रोजगार दिया जाएगा।

## कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया की सुरक्षा में बड़ी चूक, भरे मंच पर भागते हुए चढ़ा शख्स

**कर्नाटक ( एजेंसी )।** बेंगलुरु में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की सुरक्षा में हुई चूक ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी को उजागर किया है। जब कोई अनजान व्यक्ति मंच पर चढ़कर सीएम के करीब पहुंचने की कोशिश कर रहा था, तो यह स्थिति खासी चिंताजनक थी। सुरक्षाकर्मियों ने समय पर कार्रवाई की और उस शख्स को पकड़ लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हालांकि, इस घटना में सीएम की सुरक्षा की चूक की वजह से एक बार फिर सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की आवश्यकता स्पष्ट हो गई है। इससे पहले भी सुरक्षा में चूक की घटनाएं सामने आई थीं, जैसे कि लोकसभा चुनाव के दौरान एक कार्यकर्ता ने सीएम को माला पहनाते समय पिस्टल के साथ मंच पर प्रवेश किया था। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सख्त और चौकस रहने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की सुरक्षा की चूक से बचा जा सके। सुरक्षाकर्मियों को इन प्रकार की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए बेहतर प्रशिक्षण और प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करना होगा।

## देश में जल्द शुरू होगी जनगणना, जाति जनगणना को लेकर अभी कोई फैसला नहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सरकार ने दशकीय जनगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जाति संबंधी 'कॉलम शामिल करने पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक सूत्र ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि दशकीय जनगणना जल्द ही कराई जाएगी। भारत में 1881 से हर 10 वर्ष में जनगणना की जाती है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल, 2020 को शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। पिछले वर्ष संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी दशकीय जनगणना से जुड़ा हुआ है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी कानून इस अधिनियम के लागू होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लागू होगा। दशकीय जनगणना में जाति संबंधी कॉलम शामिल करने के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने कहा, इस पर निर्णय होना अभी बाकी है। राजनीतिक दल जाति जनगणना कराने की पुरजोर तरीके से मांग कर रहे हैं। नये आंकड़े नहीं होने के कारण सरकारी एजेंसियां ??अब भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नीतियां बना रही हैं और सब्सिडी आवंटित कर रही हैं।

## गडकरी बोले-विपक्षी नेता ने कहा था पीएम बनिए, समर्थन देंगे

**नागपुर ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को बताया कि एक बार एक नेता ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देने की पेशकश की थी। हालांकि गडकरी ने यह ऑफर यह कहकर ठुकरा दिया कि उनकी ऐसी कोई लालसा नहीं है। नागपुर में एक पत्रकारिता पुरस्कार समारोह में गडकरी ने कहा- 'मुझे एक घटना याद है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगाज् उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप प्रधानमंत्री बनते हैं, तो हम समर्थन करेंगे।' गडकरी ने आगे कहा- 'मैंने उनसे पूछा कि आप मेरा समर्थन क्यों करेंगे और मुझे आपका समर्थन क्यों लेना चाहिए? पीएम बनना मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं। मैं अपनी मान्यता और संगठन के प्रति वफादार हूं। मैं किसी भी पद के



लिए समझौता नहीं करूंगा। मेरा निश्चय मेरे लिए सबसे अहम है।' नितिन गडकरी भाजपा के सर्वमान्य नेता है। अगर विपक्ष के किसी बड़े नेता ने उनसे ऐसा कहा होगा तो मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। जगजीवन राम ने 1977 में कांग्रेस से बगावत की थी। इसके बाद इंदिरा गांधी हार गई थीं। इस देश में अगर स्वतंत्र, लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखना है तो सत्ता में रहते हुए कुछ लोगो को त्याग करना पड़ता है। - संजय राउत, शिवसेना सांसद गडकरी बोले- लोकतंत्र के चारों स्तंभ के लिए नैतिकता का पालन करना जरूरी अपने भाषण में गडकरी ने राजनीति और पत्रकारिता दोनों में नैतिकता की अहमियत का जिक्र किया।

# पुलिस ने पकड़ी नशीली कफ सिरप की खेप

## लग्जरी कार में लोड थी 1680 शीशी कफ सिरप, एक गिरफ्तार





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कटनी-बेला नेशनल हाईवे पर अमरपाटन थाना पुलिस ने नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप पकड़ी है। तीन लाख रुपए से ज्यादा की कफ सिरप और कार जब्त कर पुलिस ने एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। जबकि ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के मुताबिक मैहर जिले की अमरपाटन थाना पुलिस ने कटनी-बेला नेशनल हाइवे पर इनोवा कार का पीछा कर 3 लाख 2 हजार रुपए से भी अधिक अनुमानित मूल्य की 1680 शीशी नशीली कफ सिरप आनरेक्स पकड़ी है। कार में नशे की खेप लेकर जा रहे दो लोगों में से एक युवक रजनीश कुशवाहा पिता स्व रामखेलावन कुशवाहा (26) निवासी भैंसरहा थाना रामपुर नैंकिन जिला सीधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका साथी और कार ड्राइवर रमेश जैसवाल पिता भूरा जैसवाल निवासी खारा थाना रामपुर नैंकिन जिला सीधी भाग निकला।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर के जरिए इनोवा कार से नशीले कफ सिरप की खेप रीवा की तरफ ले जाए जाने की सूचना मिली थी। अमरपाटन पुलिस नेशनल हाईवे पर पहुंची तो तेज रफ्तार से मैहर से रीवा की तरफ जाती इनोवा कार दिखाई पड़ी। पुलिस ने उसका पीछा शुरू किया तो ड्राइवर ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और गाड़ी को कठहा की तरफ ले जाने लगा। इसी बीच गाड़ी के अगले दोनों टायर फट गए। पुलिस ने ओवरटेक कर गाड़ी रुकवाई लेकिन इसी बीच ड्राइवर रमेश जैसवाल भाग निकला। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें बोरियों में बंद 14 कार्टून रखे थे। जिनमें से हर एक में 120 शीशी नशीली कफ सिरप भरी थी। पुलिस ने 1680 शीशी कफ सिरप और कार को जब्त कर लिया।

अमरपाटन टीआई केपी त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी रजनीश कुशवाहा से पूछताछ और फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8,20, 21, 22 एवं म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम की धारा 5/13 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### नवजात का शव पहुंचाने एम्बुलेंस चालक ने 2500 रुपए वसूले

## वीडियो वायरल होने पर सीएमएचओं ने वापस कराई रकम, ड्राइवर को किया बर्खास्त




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिला अस्पताल में जन्म लेने वाले एक नवजात का शव घर तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस के ड्राइवर ने ढाई हजार रुपए वसूल लिए। घटना 14 सितंबर की है। जिसका वीडियो रविवार को सामने आया है। घटना की जानकारी होते ही सीएमएचओ ने रकम वापस कराकर ड्राइवर की सेवा समाप्त कर दी है।

जानकारी के मुताबिक , मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र के ग्राम झिन्ना की एक प्रसूता को प्रसव के लिए सतना जिला अस्पताल लाया गया था। यहां उसने बच्चे को जन्म तो दिया लेकिन नवजात की मौत हो गई। अस्पताल से प्रसूता और मृत नवजात को झिन्ना ले जाने के लिए वाहन की तलाश शुरू हुई तो एक एम्बुलेंस चालक समय लाल साकेत तैयार हो गया।

उसने सौदेबाजी की और 2500 रुपए में उन्हें ले जाने को राजी हो गया। एम्बुलेंस चालक ने झिन्ना पहुंचकर जब पैसे लिए। इसके बाद वहां मौजूद ग्रामीणों ने इस पर सवाल उठाया। उन्हीं में से किसी ने रुपए लेते और गिनते हुए ड्राइवर का वीडियो बना लिया। जिसे अब सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

**वायरल वीडियो पर सीएमएचओ ने लिया एक्शन:** कल (शनिवार) को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो रविवार को सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी ने भी इस पर संज्ञान लिया। सीएमएचओ ने जननी और एम्बुलेंस सेवा से संबंधित सुपरवाइजर को निर्देश देकर वसूली गई रकम वापस कराई। एम्बुलेंस ड्राइवर समय लाल साकेत को भी बर्खास्त कर दिया गया है।

**जननी एक्सप्रेस में शव का परिवहन कैसे:** एंबुलेंस के चालक ने मृतक के परिजनों से अवैध वसूली की ये मामला तो है ही पर सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि प्रसूताओं के लिए चलने वाली जननी एक्सप्रेस में आखिर शव परिवहन कैसे किया गया? गाड़ी बुक कैसे हो गई और किस तरीके से किस-किस को कहां गुमराह किया गया?

दरअसल 108 हो या जननी,दोनों हैं तो एक ही पर दोनों में ही डेडबॉडी का परिवहन नहीं हो सकता है। हालांकि जानकारी यह भी दी जा रही है कि जननी अस्पताल से प्रसूता के लिए बुक हुई थी पर प्रसूता ने जिस नवजात को जन्म दिया था उसकी मौत हो गई थी उसके शव को ही पहुंचाने जननी चालक समय लाल ने ढ़ाई हजार रुपया वसूला और लालच में आकर नौकरी गवां बैठा।

अवैध वसूली के इस मामले में भले ही चालक को हटा दिया गया है। हालांकि, लगातार आ रही शिकायतों और जननी में शव परिवहन को लेकर सच्चाई क्या थी। इस पर सीएमएचओ आउट-सोर्स परिवहन संस्था के सुपरवाइजर से जवाब भी तलब करेंगे।

## एम.पी. ट्रांस्को की वेबसाइट में पेंशनर्स के लिये डिजीटल लाइफसर्टिफिकेट सुविधा प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** एम.पी. ट्रांस्को (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने वित्तीय प्रक्रि याओं में वर्तमान पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिये ऑनलाईन सुविधाओं को आगे बढाते हुये अपनी अधिकृत वेबसाईट में कुछ नए फीचर्स की व्यवस्था की है। पेंशनर्स के लिये एम.पी. ट्रांसको में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) सेवा प्रारंभ की गई है। एम.पी. ट्रांसको के पेंशनर्स अब विश्व के किसी भी कोने से इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी चेतन जायसवाल ने बताया कि लाइफसर्टिफिकेट के लिये पेंशनर्स या उनके आश्रितों को एम.पी. ट्रांस्को के किसी भी कार्यालय में आने की अनिवार्यता को पहले ही शिथिल कर दिया गया था। डिजिटल लाइफसर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) सुविधा अब वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। वेबसाईट के माध्यम से पेंशनर्स अपना पेंशन स्टेटस भी देख सकते है। वेबसाईट मे अब पेंशनर्स की वर्तमान लाईफ सर्टिफिकेट की वैद्यता भी उपलब्ध है।

जिससे वे समय पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) की प्रक्रिया कर सकते है। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स के लिये एम.पी. ट्रांसको की वेबसाईट पर अलग से बने टैब से ऑनलाइन पेंशन स्लिप निकालने की व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। पेंशनर्स अपना आयकर फार्म-16 भी वेबसाईट से सीधे डाउनलोड़ कर सकते हैं। वर्तमान में यूनियन बैंक में एम.पी. ट्रांसको के सेवानिवृत्त कार्मिकों की पेंशन एवं फैमली पेंशन जमा होती है। फिलहाल एम.पी. ट्रांसको के 4285 पेंशनर्स के लिये यूनियन बैंक से यह सुविधा लिंक की गई है। भविष्य में इसे अन्य बैंको के साथ भी जोड़ी जायेगी।

# दबंगों ने ढहा दिया किसान का मकान

## ईंट-पत्थर भी उठा ले गए, भाजपा के मंडल अध्यक्ष भी आरोपों के घेरे में



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के शाहपुरा में स्थित एक किसान का मकान दबंगों ने जेसीबी की मदद से न केवल ढहा दिया बल्कि घर के खिड़की, दरवाजें और ईंट पत्थर के साथ राशन और बर्तन भी उठा ले गए। इस घटना में आरोपों के घेरे में भाजपा के मंडल अध्यक्ष भी हैं। किसान ने थाना में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई लिहाजा उसने एसपी के सामने गुहार लगाई है।

बरौंधा थाना और मझगवां तहसील अंतर्गत ग्राम शाहपुरा निवासी महेश द्विवेदी का 6 कमरों का मकान दबंगों ने गिरा दिया। यह मकान महेश ने अपनी निजी आराजी में 22 सौ वर्गफीट में बना रखा था। हालांकि बच्चों की पढ़ाई के लिहाज से वह सतना में मुख्त्यारगंज में भी निवास करता है लेकिन खेती किसानी के काम के सिलसिले में अक्सर गांव जाता और अपने मकान में रहता रहा है। महेश ने बताया कि राजेश शर्मा निवासी पोखरिहा, पोखरिहा में पदस्थ शिक्षक संतोष बहेलिया, सुनील पांडेय निवासी ताली और भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह निवासी शाहपुर उसकी जमीन पर पिछले काफी समय से नजर गड़ाए हुए थे।

वे जमीन हड़पने की फिराक में थे और महेश से पंचायत चुनाव के समय से रंजिश भी रखते थे। भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने पंचायत चुनाव लड़ा था। वह चाहता था कि महेश उसके साथ रहे लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो उसने रंजिश पाल ली और उसी के कारण उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी जेसीबी मशीन से महेश का घर गिरा दिया। उस वक्त महेश सतना में था।

उसे इसकी सूचना मिली तो वह गांव पहुंचा लेकिन वहां का नजारा देख कर उसके होश उड़ गए। घर का राशन - बर्तन, बिस्तर और कपड़े तो गायब ही थे ईंट, पत्थर और खिड़की दरवाजे तक गायब थे। मकान के नाम पर कुछ मलबा ही पड़ा था।

महेश ने बताया कि वह शिकायत लेकर थाने पहुंचा तो वहां भी उसकी शिकायत दर्ज नहीं हुई लिहाजा उसने एसपी को शिकायत प्रेषित कर जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है। उसने आशंका जताई कि अगर कार्रवाई न हुई तो आरोपी उसके खेत और फसल को हड़प लेंगे।

# हनुमान मंदिर में वानर सेना का अद्भुत दर्शन

## हनुमान चालीसा सुनने मंदिर में आती है वानर सेना, भक्तों के बीच बैठकर सुनी चालिसा



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट, जो भगवान राम की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध है, अब एक अनोखी घटना के कारण सुर्खियों में है। यहाँ स्थित तोता मुखी हनुमान मंदिर में हाल ही में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहाँ वानर सेना ने भक्तों के बीच बैठकर हनुमान चालीसा और रामचरितमानस के पाठ को सुना। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस घटना के वीडियो ने सभी को हैरान कर दिया है।

रामघाट स्थित तोता मुखी हनुमान मंदिर वह पवित्र स्थल है जहाँ हनुमान जी ने गोस्वामी तुलसीदास जी को श्रीराम के दर्शन करवाए थे। इस मंदिर में नियमित रूप से रामचरितमानस का पाठ होता है। खासकर मंगलवार और शनिवार को जब भक्त हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं, वानर सेना इस अवसर पर मंदिर में उपस्थित होकर भक्तों के साथ बैठकर पाठ सुनती है।

**"मंगलवार और शनिवार को वानर सेना मंदिर में आती है:** मंदिर के पुजारी मोहित दास ने बताया कि यह घटना पहली बार नहीं हुई है। उन्होंने कहा, "मंगलवार और शनिवार को वानर सेना मंदिर में आती है और लगभग 5 मिनट तक भक्तों के बीच बैठकर पाठ सुनती है। यह वही स्थान है जहां हनुमान जी ने तुलसीदास जी को भगवान राम से मिलवाया था। भक्तों का मानना है कि वानरों का इस तरह आना हनुमान जी की कृपा का संकेत है।"

**इस चमत्कार के दर्शन के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं:** इस अद्भुत घटना के बाद भक्तों में उत्साह और आस्था और भी बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को देखकर हर कोई इसे हनुमान जी का चमत्कार मान रहा है। मंदिर में अब भक्तों की संख्या भी बढ़ गई है, जो बजरंगबली के इस चमत्कार के दर्शन के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं।

# घर से लाखों का सामान चोरी

## दीवार फांदकर अंदर आए चोर, 6 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ किया



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट के पहाड़ी थाना क्षेत्र के बारा माफी गांव में शनिवार बीती रात चोरों ने एक घर पर धावा बोल दिया। चोरों ने घर की दीवार फांदकर बक्से का ताला तोड़ा। लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर 3 किलो चांदी, 100 ग्राम सोना और नगदी लेकर फरार हो गए हैं। कुल चोरी का मूल्य करीब 6 लाख रुपए बताया जा रहा है।

**पुलिस द्वारा चोरों की तलाश की जा रही:** विजय कुमार, पीड़ित परिवार के सदस्य ने बताया कि रात के अंधेरे में चोरों ने घर के अंदर घुसकर सारा सामान उलट-पुलट कर दिया। चोरी की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत पहाड़ी थाने में सूचना दी और कार्यवाही की मांग की।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़ने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। बारा माफी गांव में इस तरह की घटना ने गांव वालों को दहशत में डाल दिया है। पुलिस द्वारा चोरों की तलाश की जा रही है। लेकिन गांव के लोग अब अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

## मिलाद-उन-नबी एवं गणेश उत्सव पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने सोमवार 16 सितंबर को मिलाद-उन-नबी एवं 17 सितंबर 2024 को गणेश उत्सव (गणेश विसर्जन) त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है। नियुक्त उपखंड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से चर्चा कर प्रतिवर्ष की भांति मिलाद-उन नबी एवं गणेश उत्सव (गणेश विसर्जन) के आयोजन की समुचित व्यवस्था एवं सम्पूर्ण कानून व्यवस्था सुचारु रुप से संपादित करेंगे। साथ ही सभी उप खण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी रघुराजनगर (शहरी) नीरज खरे, अनुविभागीय दण्डाधिकारी (ग्रामीण) राहुल सिलाड़िया, अनुविभागीय दण्डाधिकारी उचेहरा सुधीर कुमार बेक, अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद एपी द्विवेदी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी मझगवां जितेन्द्र कुमार वर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामपुर बघेलान आरएन खरे को सम्पूर्ण अनुविभाग हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से डयूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखडे मोबाइल 9407020000 होंगे।

# खदान के पानी में डूबने से बालक की मौत

## नहाने के लिए छलांग लगाई लेकिन बाहर नहीं निकला



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिले के सिविल लाइन थाना अंतर्गत करही कोठार की एक खदान में नहाने के दौरान पानी में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। युवक की पहचान 2 वर्षीय दिलशान कोल के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक मृतक दिलशान अपने दो छोटे भाइयों के साथ खदान में नहाने गया था। मस्ती में तीनों ने दौड़ कर पानी मे छलांग लगाई। छोटे भाई नहा कर बाहर आ गए लेकिन दिलशान नहीं निकला। दोनों भाई जब घर पहुंचे तो परिजनों ने दिलशान के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह पानी मे कूदा था लेकिन बाहर नही निकला। यह सुनते ही परिजन और बस्ती के लोग खदान की तरफ दौड़े।

तलाश के बाद पानी के अंदर दिलशान मिला। जब उसे बाहर निकालकर देखा उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने पंचनामा बना कर शव को पीएम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

आसपास के लोगों ने बताया कि करही कोठार में यह खदान पिछले काफी समय से खुली पड़ी है। खदान मालिक और प्रशासन ने भी कभी इस बात की परवाह नहीं की। रिहायशी बस्ती में स्थित यह पुरानी खदान हादसों का सबब है।

# तीन दिन के लिए हुआ रामलीला का आयोजन

## बच्चे करेंगे मंचन, जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज बोले- चरित्र निर्माण में मदद करेगा



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में तीन दिन का अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और पद्म विभूषण से सम्मानित जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने दीप जलाकर की। इस आयोजन का प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन, दिल्ली द्वारा किया गया। इसमें देशभर के स्कूली छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। यह महोत्सव तुलसी पीठ के रामचरितमानस हाल में हो रहा है। जहां तीन दिनों तक बच्चे रामायण का मंचन करेंगे।

**गीत पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया:** पहले दिन बच्चों ने हनुमान चालीसा और 'जय गणेश देवा' गीत पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिससे दर्शक भावुक हो गए। 68 बच्चों की टोली ने रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत किया। जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा।

आयोजन के दौरान संस्कृति के संरक्षण और बच्चों की भागीदारी को अहम बताया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश टंडन ने कहा कि पहले रामलीला का मंचन बड़े लोग करते थे, लेकिन इस बार बच्चों को शामिल किया गया है। ताकि वे अपनी संस्कृति से जुड़े रहें।

**बच्चों को संस्कृति से जोड़कर उन्हें इसका महत्व समझाना है:** जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के चरित्र निर्माण में मदद करेगा और रामचरितमानस की गहरी समझ प्रदान करेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बच्चों के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति को जीवित रखते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश भेजते हैं। अगले दो दिनों में रामायण के मुख्य प्रसंगों का मंचन जारी रहेगा। जिसका उद्देश्य बच्चों को संस्कृति से जोड़कर उन्हें इसका महत्व समझाना है।

## मिलाद-उन-नबी एवं गणेश उत्सव पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सोमवार 16 सितंबर को मिलाद-उन-नबी एवं 17 सितंबर 2024 को गणेश उत्सव (गणेश विसर्जन) त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभाग मैहर के लिए विकास कुमार सिंह, अमरपाटन के लिए अनुविभागीय अधिकारी अमरपाटन आरती यादव, अनुविभाग रामनगर के लिए अनुविभागीय अधिकारी रामनगर डॉ. आरती सिंह, थाना क्षेत्र मैहर नादन के लिए तहसीलदार मैहर जितेन्द्र कुमार पटेल, थाना क्षेत्र अमदरा के लिए नायब तहसीलदार अमदरा सुनील कुमार द्विवेदी, थाना क्षेत्र बदेरा में नायब तहसीलदार बदेरा प्रेमलाल चौधरी, थाना क्षेत्र अमरपाटन में तहसीलदार अमरपाटन रामदेव साकेत, थाना क्षेत्र ताला में नायब तहसीलदार ताला उमाकांत शर्मा, थाना क्षेत्र रामनगर में तहसीलदार रामनगर अनुराग सिंह मरावी, थाना क्षेत्र चौकी मर्यादपुर में नायब तहसीलदार मर्यादपुर ललित कुमार धुर्वे एवं सम्पूर्ण अनुविभाग हेतु दण्डाधिकारी/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से डयूटी लगाई गई है। साथ ही सभी उप खण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। जिले की सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी शैलेन्द्र सिंह होंगे।

### विभिन्न स्थानों पर 4 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा ने सोमवार 16 सितंबर 2024 को मिलाद-उन-नबी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु चार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।